NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विज़डम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 88 लखनऊ, बुधवार 13 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## दिल्ली डिफेंस डायलाग में बोले राजनाथ सिंह, भारत को दुनिया का ड्रोन हब बनाने का लक्ष्य

एजेंसी।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत का लक्ष्य दुनिया का ड्रोन हब बनना है और यह न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद करेगा बल्कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। वह मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस में अनुकूली रक्षारू आधुनिक युद्ध के बदलते परिदृश्य को नेविगेट करना विषय पर आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत को दुनिया का ड्रोन हब बनाने के लिए कई पहल की हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम पहले से ही इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, संपूर्ण विश्वसनीय प्रमाणन तंत्र और भारतीय बौद्धिक संपदा निर्माण में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, हमने iDEX और ADITI की योजनाओं के माध्यम से नवाचार के लिए पुरस्कार भी पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन और झुंड प्रौद्योगिकियाँ युद्ध के तरीकों और साधनों में मूलभूत परिवर्तन ला रही हैं। इस विकास ने द्वितीय विश्व युद्ध



के बाद युद्ध की समझ को पूरी तरह से बदल दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भूमि, वायु और जल – तीनों आयामों में युद्ध की पारंपरिक अवधारणाएँ और संकल्पनाएँ तेजी से बदल रही हैं। ड्रोन और झुंड प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप के कारण इन आयामों को ओवरलैपिंग के रूप में देखा जा रहा है। रक्षा निर्यात में वृद्धि पर रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भारत से रक्षा वस्तुओं के बढ़ते निर्यात में अपने प्रयासों का फल भी देख रहे हैं। वर्तमान में, भारत पहले से ही 100 से अधिक देशों को रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहा है, 2023–24 में रक्षा निर्यात के लिए शीर्ष तीन गंतव्य संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत साइबरस्पेस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाले अग्रणी देशों में बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

## योगी ने दिलाया याद, कैसे हैदराबाद के निजाम के रज्जाकारस ने खरगे के परिजनों को जलाकर मार डाला था

एजेंसी।

महाराष्ट्र  खरगे के आरोपों पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि आजकल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अनावश्यक रूप से मेरे ऊपर लाल–पीले हो रहे हैं, गुस्से में हैं।



महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए चल रहे चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जोरदार वाकयुद्ध हो रहा है। हम आपको बता दें कि एक दिन पहले झारखंड के दौरे पर खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए आरोप लगाया था कि वह 'मुख में राम, बगल में छुरी' में विश्वास करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा था कि एक सच्चा योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा था कि इस भाषा का इस्तेमाल आतंकवादी करते हैं। खरगे ने कहा था कि योगी एक मठ के प्रमुख हैं, भगवा वस्त्र पहनते हैं, लेकिन 'मुख में राम बगल में छुरी' में विश्वास करते हैं। भाजपा नेता योगी पर सीधा हमला करते हुए खरगे ने कहा था कि उन्हें अपना भगवा वस्त्र त्याग देना चाहिए और अन्य राजनेताओं की तरह सफेद वस्त्र पहन लेना चाहिए, क्योंकि वह 'जो तेरा है वो मेरा है' ।

## जिसने भी बटुआ चुराया है, कृपया लौटा दें... जब चुनावी रैली में मिथुन चक्रवर्ती की हुई पाकेट मारी

एजेंसी।

कलकता बार–बार गुहार लगाने के बावजूद पर्स वापस नहीं किया गया। चक्रवर्ती ने भाजपा उम्मीदवार अपर्णा सेन गुप्ता को अपना समर्थन देने के लिए झारखंड के निरसा विधानसभा क्षेत्र में



एक विशाल रोड शो का नेतृत्व किया। अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती मंगलवार को झारखंड में अपने मेगा रोड शो के दौरान उनकी जेब से बटुआ चोरी हो जाने के बाद खुद को मुश्किल स्थिति में पाया। अभिनेता ने झारखंड के धनबाद में भाजपा के लिए प्रचार किया और तभी उनकी जेब कट गई, जिससे आयोजकों को शर्मिंदा होना पड़ा। रैली का एक वीडियो अब वायरल हो गया है जिएक भाजपा सदस्य को भीड़ से आग्रह करते हुए देखा गया, षजिसने भी बटुआ चुराया है, कृपया इसे मिथुन दा को लौटा दें।ष बार–बार गुहार लगाने के बावजूद पर्स वापस नहीं किया गया। चक्रवर्ती ने भाजपा उम्मीदवार अपर्णा सेन गुप्ता को अपना समर्थन देने के लिए झारखंड के निरसा विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रोड शो का नेतृत्व किया। स्टार की एक झलक पाने के लिए हजारों लोग कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हो गए और इससे मौके पर भारी अराजकता और कुप्रबंधन हो गया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी के बावजूद, भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई और अभिनेता की तस्वीरें और वीडियो लेने और उन्हें करीब से देखने के लिए मंच की ओर दौड़ पड़ी। इसी अफरा–तफरी के दौरान चक्रवर्ती का बटुआ चोरी हो गया। उन्होंने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि परिवर्तन जरूरी है और परिवर्तन के साथ झारखंड और भी आगे बढ़ेगा... मैं एक अभिनेता हूं, मुझे राजनेता नहीं बनना है। वहीं, मिथुन चक्रवर्ती को मंगलवार को वाई–प्लस सुरक्षा प्रदान की गई। अभिनेता से नेता बने अभिनेता को सोशल मीडिया पर धमकियां मिलने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है।

## महायुति लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की करेगी भरपाई, विधानसभा चुनाव में विजयी होगी -फडणवीस

एजेंसी।

पालघर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां विधानसभा चुनाव विजयी बनकर उभरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी तथा लोकसभा चुनाव के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करेंगी। तीन स्थानों पर रैलियों में फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के बाद सत्ता में महायुति के लौटने पर उसकी सरकार कृषि ऋण माफ कर देगी। पालघर । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां विधानसभा चुनाव विजयी बनकर उभरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी तथा लोकसभा चुनाव के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करेंगी। राज्य में 20नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के सिलसिले में पालघर जिले में तीन स्थानों पर रैलियों में फडणवीस ने कहा



कि महाराष्ट्र में चुनाव के बाद सत्ता में महायुति के लौटने पर उसकी सरकार कृषि ऋण माफ कर देगी। उन्होंने कहा, ''इस साल लोकसभा चुनाव में हमने जो भी नुकसान उठाया, उसकी हम भरपाई करेंगे। हमें विश्वास है कि महायुति गठबंधन सत्ता में बना रहेगा।''भारतीय जनता पार्टी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के गठबंधन महायुति ने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की कुल 48 में से केवल 17 सीट जीती थीं। उसके विपरीत कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) के गठबंधन महा विकास आघाडी ने 30 लोकसभा सीट पर विजय हासिल की थी। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 23 सीट जीती थी लेकिन 2024 के संसदीय चुनाव में उसकी सीट घटकर नौ पर आ गयी। फडणवीस ने कहा, '' राज्य में महायुति की सरकार बन जाने के बाद कृषि ऋण को माफ करने का निर्णय लिया जायेगा जिससे कृषि समुदाय के वित्तीय बोझ को दूर करने में मदद मिलेगी।''वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अगले पांच सालों तक किसानों को बिजली बिल से छूट दी जाएगी

## उपभोक्ता सेवाओं और शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए मोबाइल एप और पोर्टल जैसी तकनीकी का उत्तर प्रदेश में अधिकतम प्रयोग किया जा रहा –ऊर्जा मंत्री  ए0के0 शर्मा

### प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री  ए0के0 शर्मा ने नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में प्रतिभाग किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री  ए0के0 शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में प्रतिभाग किया। यह सम्मेलन केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री  मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में नई दिल्ली के इण्डिया इण्टरनेशनल कन्वेंशन एण्ड एक्स्पो सेन्टर, यशोभूमि, द्वारका में आयोजित किया गया, जिसमें राज्यों की ऊर्जा जरूरतों, अवस्थापना संरचनाओं के विकास तथा देश में ऊर्जा क्षेत्र के सम्भावित विकास की रणनीतियों व सुझावों पर चर्चा हुई। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण एवं गोष्ठी में चर्चा के दौरान प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में किये गये कार्यों में निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आए। इसमें–भारत सरकार के सहयोग से चलाई जा रही आरडीएसएस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पिछले दो वर्षों में देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना है। इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने 62 प्रतिशत भौतिक प्रगति और 47 प्रतिशत वित्तीय प्रगति हासिल की है जो कि देश में सर्वाधिक है।

इसी प्रकार से अवस्थापना संरचनाओं के विकास में और लाइन हानियों में कमी लाने के प्रयासों में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। जिसको लक्ष्य के सापेक्ष आगामी मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस वर्ष की अत्यधिक गर्मी के मौसम में उत्तर प्रदेश में सभी श्रेणियों के विद्युत उपभोक्ताओं को लगातार 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की गयी है। प्रदेश में 13 जून 2024 को 30,618 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई, जो कि देश में सर्वाधिक थी। इसी प्रकार 17 जून, 2024 को उत्तर प्रदेश में 659.59 मिलियन यूनिट ऊर्जा की मांग को पूरा किया गया, जो कि देश में सर्वाधिक थी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि विगत 02 वर्षों की अवधि में सर्वाधिक बिजली की सप्लाई करने के साथ ही उत्तर प्रदेश में एटी एंड सी हानियों में कमी लाकर उसे लगभग आधा कर दिया गया है। इस हानि को वर्ष 2021–22 में 31 प्रतिशत से घटाकर वर्ष 2023 में 22 प्रतिशत पर लाया गया और वर्तमान वर्ष 2024 में इसे और कम करके 16.50 प्रतिशत पर ला दिया गया है। इस उपलब्धि को एक उल्लेखनीय उपलब्धि माना गया है। प्रदेश में वर्ष 2034 तक की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक संसाधनों हेतु योजना तैयार कर ली गई है। प्रदेश की बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकताओं को थर्मल, हाइड्रो, सोलर एवं पीएसपी परियोजनाओं को मिलाकर पूरा करने की योजना है। वर्तमान में निर्माणाधीन अनेक नई थर्मल पॉवर परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर उत्तर प्रदेश में बिजली का सर्वाधिक उत्पादन होने लगेगा। इन परियोजनाओं में ओबरा–डी, अनपरा एवं मेजा में आने वाली परियोजनाएं सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश में निजी क्षेत्र की सहायता से भी प्रदेश में बड़ी बिजली परियोजनाएं स्थापित करने की योजना पर कार्य हो रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है जिनमें प्रदेश में सोलर पार्कों की स्थापना तथा सौर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाना प्रमुख है। घरों की छतों पर लगने वाले रूफटॉप सोलर पैनल और जैव ऊर्जा पर आधारित बिजली के उत्पादन से प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सीबीजी उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है और रूफटॉप सोलर लगाने में तीन अग्रणीं राज्यों में है। बैठक में उत्तर प्रदेश द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा हुई। इसमें इस कार्य के लिए नई कंपनी बनाने एवं प्राइवेट गाड़ियों के साथ नगर निगमों और परिवहन निगम की बसों में भी यह सुविधा देने की व्यवस्था भी शामिल है। उन्होंने बताया कि बिजली की आपूर्ति में और गुणवत्ता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष में दो बार अनुरक्षण माह का प्रावधान किया गया है। यह अभियान वर्तमान में भी जारी है। यह भी उल्लेख किया गया कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश के बिजली निगमों की आर्थिक दशा में पर्याप्त सुधार हुआ है। इसका एक कारण यह भी है कि बिल बनाने और देने की क्षमता में वित्तीय वर्ष 2021–22 में 80.20 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वित्तीय वर्ष 2023–24 में 84.50 प्रतिशत का सुधार हुआ है। इसी प्रकार से राजस्व अर्जित करने की दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2021–22 में

85.90 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023–24 में 98.70 प्रतिशत हो गया है। बिजली की प्रति यूनिट दर भी वित्तीय वर्ष 2020–21 में 3.92 रुपए से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023–24 में 4.70 रुपये हो गई है।

## किसान रजिस्ट्री, केसीसी तथा डिजिटल क्राप सर्वे के काम में आयेगी तेजी –कृषि मंत्री

### मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश धान बुआई की डीएसआर तकनीक पर भी ली बैठक

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री  सूर्य प्रताप शाही द्वारा मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में किसान क्रेडिट कार्ड, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। इसके साथ ही उन्होंने धान बुआई की डीएसआर तकनीक को क्रियान्वित किये जाने के संबंध में भी एक बैठक ली।किसान क्रेडिट कार्ड, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि किसान रजिस्ट्री का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों को किसान पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। इसके लिए गॉवों में कैम्प लगाकर किसानों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्री चार मोड में की जा सकेगी। पहला मोड वह स्वयं द्वारा, दूसरा मोड कामन सर्विस सेंटर द्वारा, तीसरा मोड सहायक द्वारा तथा चौथा मोड विभागीय कैम्प में शामिल होकर किसान स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं। उन्होंने बैकों से आये प्रतिनिधियों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में गति तीव्र करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि गॉवों के नक्शों का मिलान ग्रामीणों के पास उपलब्ध नक्शों से करा लिया जाए। इस कार्यक्रम का संचालन राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर किया जाए।बैठक में अपर सचिव कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार डा0 प्रमोद कुमार महेन्द्र, मुख्य ज्ञान अधिकारी राजीव चावला, प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि अनुराग यादव, कृषि निदेशक, कृषि विभाग के अन्य उच्चाधिकारी तथा बैकों के प्रतिनिधि शामिल रहे।धान बुआई की डीएसआर तकनीक (सीधे खेत में धान बुआई की तकनीक अर्थात जिसमें रोपाई नहीं करनी

## शहर के लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए बनाये जायेंगे सेटेलाइट बस स्टेशन

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव परिवहन  एल वेंकटेश्वरलू की अध्यक्षता में आज परिवहन निगम के सभागार कक्ष में विभिन्न जनपदों के प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय आरएमध्एआरएम के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अपर मुख्य सचिव ने प्रदेश के प्रमुख शहरों में जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए ठोस रणनीति बनाए जाने के निर्देश दिए। लू0 ने कहा कि जिन शहरों में परिवहन निगम के बस स्टेशनों की अवस्थिति शहर के बीचो–बीच है और उनकी वजह से शहरवासियों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है, ऐसी स्थिति में सैटलाइट बस स्टेशन को विकसित करने की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में आरएमध्एआरएम, एडीएम व एसडीएम से संपर्क कर शहर के बाहर बस स्टेशनों को बनाए जाने की रणनीति पर कम करें।

## खनन पट्टो पर निगरानी निरीक्षण एप से रखी जायेगी नजर –माला श्रीवास्तव

लखनऊ। भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा सचल दल के माध्यम से पट्टा क्षेत्रो में निगरानी के लिए निरीक्षण एप को विकसित किया गया है।इस ऐप के माध्यम से खनन पट्टा क्षेत्रो की निरीक्षण सम्बन्धी जांच पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ साथ जांच सिंगल क्लिक पर देखा जा सकता हैं। खनन निदेशक माला वास्तव ने बताया कि प्रदेश के खनन पट्टो पर निगरानी एप से अंकुश लग सकेगा। अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही ऐप के माध्यम से देखा जा सकता है।जिलों में खनन पट्टो की जानकारी इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन देखा जा सकता है।माला वास्तव ने बताया कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा विकसित निरीक्षणध्निगरानी एप से अवैध खनन पर अंकुश लगेगा और संबंधित अधिकारी कर्मचारी सहित खनन पट्टा धारक की जवाबदेही भी तय हो सकेगी। निगरानी निरीक्षण एप के माध्यम से जहां एक ओर अवैध खनन पर रोक लगेगी ,वहीं राजस्व मे भी इजाफा होगा। इसके लिए आज खनन निदेशालय से वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यालय सहित संबंधित जिले के अधिकारियों को ऐप की जानकारीध्प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव'' से पूर्व कर्टेन रेजर कार्यक्रम का आयोजन कल

लखनऊ। 'अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव'' का आयोजन 15 से 20 नवम्बर तक संगीत नाटक अकादमी में किया जा रहा है। इस उत्सव के शुभारंभ से पहले कल 13 नवम्बर को लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में मध्याह्न 12:00 बजे से कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)  असीम अरूण, राज्यमंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण,  संजीव कुमार गोंड, प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन, मुकेश मेश्राम तथा प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, डॉ0 हरिओम उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षां से प्रारंभ की गई इस भव्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग तथा संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## सहकारिता विभाग को अक्टूबर माह मे राज्य रैकिंग और स्कोर डैश बोर्ड में प्रथम स्थान मिला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे0पी0 एस0 राठौर ने सहकारिता विभाग को अक्टूबर माह मे राज्य रैकिंग और स्कोर डैश बोर्ड (सी0एम0 डैश बोर्ड) में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने बताया कि सी0एम0आई0एस0 के तहत 01 अप्रैल से 10 नवम्बर, 2024 तक निर्माण कार्य की परियोजनायें शत–प्रतिशत तक पूर्ण हो गई। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 2024 से 31 अक्टूबर, 2024 तक जनसुनवाई आई0जी0आर0एस प्रकरणों में निस्तारित संदर्भो का प्रतिशत 99.01 हैं।

## गाजीपुर के जिला आबकारी अधिकारी देवेन्द्र जैन निलंबित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)  नितिन अग्रवाल के निर्देश पर गाजीपुर जनपद में तैनात जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) देवेन्द्र कुमार जैन को कार्यों में लापरवाही एवं गम्भीर भ्रष्टाचार में प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर निलंबित कर दिया गया है। आबकारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार में लिप्त जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आबकारी मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद–गाजीपुर के आवेदक  चन्दन कुशवाहा ने बार लाइसेंस हेतु वर्ष 2022 एवं गाजीपुर के ही  अभय प्रताप सिंह ने मई 2023 में बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन किया था। दोनों आवेदकों के आवेदन को अतिशय विलम्ब से  देवेन्द्र कुमार जैन द्वारा आबकारी आयुक्त को प्रेषित किया गया।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 13 नवंबर 2024

sheelshukla100@gmail.com

# नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं–अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का माहौल योगी बनाम प्रतियोगी' छात्र हो गया है। उत्तर प्रदेश के प्रतियोगी परीक्षाओं के हर अभ्यर्थी, हर छात्र, हर युवक–युवती की जुबान पर है कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं' । प्रतियोगी छात्रों पर लाठी–डंडा उन्होंने चलवाया जिनका एजेंडा नौकरी नहीं है, प्रदेश को ऐसी अनुपयोगी सरकार नही चाहिए, अयोग्य लोगों का अयोग्य आयोग' नहीं चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग, जनता को रोजी–रोटी के संघर्ष में उलझाए रखने की राजनीति करते हैं, जिससे भाजपाई साम्प्रदायिक राजनीति की आड़ में भ्रष्टाचार करते रहें। सालों–साल वैकेंसी या तो निकलती नहीं है या फिर परीक्षा की प्रक्रिया पूरी नहीं होती है। भाजपा ने छात्रों को पढ़ाई की मेज से उठाकर सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है।नौकरीपेशा, पढ़ा–लिखा मध्यवर्ग अब भावना में बहकर भाजपा के बहलावे–फुसलावे में नही आने वाला है। अब तो वाट्सऐप ग्रुप के झूठे भाजपाई प्रचार के शिकार अभिभावकों को भी समझ आ गया है कि अपनी सत्ता पाने और बचाने के लिए भाजपा ने कैसे उनका भावनात्मक शोषण किया है। अब ये लोग भी भाजपा की नकारात्मक राजनीति के झांसे में नही आने वाले है और बाँटने वाली साम्प्रदायिक राजनीति को नकार के 'जोड़ने वाली सकारात्मक राजनीति' को गले लगा रहे हैं। अब कोई भाजपाइयों का मानसिक गुलाम बनने को तैयार नहीं हैं। अब सब समझ गये हैं, भाजपा सरकार के रहते कुछ भी नहीं होने वाला। भाजपा के पतन में ही छात्रों का उत्थान है। भाजपा और नौकरी में विरोधाभासी संबंध है। जब भाजपा जाएगी, तभी नौकरी आएगी।भाजपाई जिस शिद्दत से नाइंसाफी का बुलडोजर चला रहे हैं, अगर उसी शिद्दत से सरकार चलाई होती तो आज भाजपाइयों को छात्र आक्रोश से डरकर, अपने घरों में छुपकर नहीं बैठना पड़ता। आंदोलनकारियों के गुस्से से घबराकर भाजपाइयों के घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और गाड़ियों से भाजपा के झंडे उतर गये हैं। आंदोलनकारी युवा पूछ रहे हैं 'अब कहाँ गायब हैं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा के नेता और कार्यकर्ता?' क्या ये सिर्फ समाज को बाँटने के लिए बाहर निकलते हैं। जिस समय छात्रों की आवाज में आवाज मिलाने का समय है, उस समय भाजपाई सत्ता के अहंकार में प्रतियोगी छात्रों पर लाठियां चलवा रहे है। नकारात्मक भाजपा और उसकी नकारात्मक झूठी राजनीति का समय पूरा हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि वन नेशन वन एलेक्शन की बात करने वाली भाजपा सरकार एक प्रदेश में एक साथ एक परीक्षा नहीं करवा सकती। भाजपा के ढ़ोग का भंडाभोड़ हो गया है। भाजपा के एजेन्डे में सिर्फ चुनाव रहता है। इस सरकार में अभ्यर्थियों को तनाव के अलावा कुछ नहीं मिला।

# राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की 51 फुट की मूर्ती महाकुम्भशिविर में होगी स्थापित' – सुनील भराला

## भगवान श्री परशुराम जी के पूरे जीवन संस्करण की महाकुम्भ में बनेगी गैलरी – पं0 सुनील भराला

लखनऊ– राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक प. सुनील भराला नि. राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा महाकुम्भ परिसर में 1 लाख स्क्वायर फीट में शिविर ( पंडाल ) की व्यवस्था की जाएगी । शिविर में राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा द्य कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का 45 दिन तक अनवरत कार्यक्रम जारी रहेंगे द्य शिविर में मीडिया, द्य शोसल मीडिया ध्इन्टरनेट मीडिया द्वारा सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण होगा द्य भगवान श्री परशुराम जी की मंदिरों एवं घरों में स्थापित करने हेतु 1 लाख 8 हजार मूर्ति वितरण होगी राष्ट्रीय परशुराम परिषद का यह उद्येश्य है कि हर सनातन हिन्दू के घरों में भगवान श्री परशुराम जी अन्य देवी देवताओ की तरह स्थापित हो द्य

. सुनील भराला ने कहा कि आज राष्ट्रीय परशुराम परिषद के वेवसाईट ीजजचेरूध्ध्.तौंजतपलंचंतेीनतंउचंतपींक.बवउध का विमोचन करते हुए अपार हर्ष हो रहा है, भगवान श्री परशुराम जी के जन्मस्थान जनापाव इंदौर से जुड़े 56 स्थानों की खोज जो राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय शोध पीठ द्वारा की गयी है उसका गैलरी बना के शिविर में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को अवगत कराया जायेगा द्य भगवान श्री परशुराम जी से सम्बंधित 21 युद्धभूमि स्थानों पर जहाँ भगवान श्री परशुराम जी ने आततायिओं का वध करके साधू संतों एवं गरीब पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य किया था उसकी गैलरी बनाई जाएगी एवं उन आततायी राक्षस राजाओ का चित्रण कर सनातन हिन्दुओ को जानकारी दिलाई जाएगी द्य महाकुम्भ में आने–जाने वाले मार्गों पर भगवान परशुराम जी की बालकाल्य, युद्धकाल. तपस्याकाल के सचित्र गैलरी बनायी जाएगी द्य सनातन हिन्दुओ में भगवान श्री परशुराम जी की जानकारी का आभाव है जैसे भगवान श्री परशुराम जी ने 21 बार क्षत्रीय का विनाश नहीं किया था उन्होंने 21 आततायी राक्षस राजाओ का वध किया था तथा इसके अलावा और जो भ्रामक जानकारी है इसको भी पूरी तरीके से शुद्धि करने का कार्य राष्ट्रीय परशुराम परिषद करेगा द्य श्री भराला जी ने कहा की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भगवान श्री परशुराम अकात्म वैश्विक आवश्यता, भगवान श्री परशुराम राष्ट्रीय नायक विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन, राष्ट्रीय ध अंतरराष्ट्रीय स्तर के इतिहासकार, विद्वान, महापंडित शामिल होंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी आयोजित होगी एवं दो दिवसीय ब्राह्मण सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत हजारों ब्राह्मण संस्थाओ के अध्यक्ष एवं महामंत्री सामिल होंगे जिसकी संख्या लगभग 2000 रहेगी, सम्मेलन में राष्ट्रीय, आर्थिक, सामाजिक विषयों पर गहन चिंतन एवं मंथन होगा द्य माँ तुलसी पीठाधीश्वर राष्ट्रीय संयोजक धर्म प्रकोष्ठ राष्ट्रीय परशुराम परिषद ने अपने संबोधान में कहा कि राष्ट्रीय परशुराम परिषद के महाशिविर पंडाल में 9 कुण्डीय महायज्ञ 13 जनवरी से प्रारंभ होगा, जिसमे आचार्य एवं यजमान सहित सैकड़ों लोग प्रतिदिन में उपस्थित रहेंगे शिविर में 45 दिन तक महायज्ञ का कार्यक्रम अनवरत जारी रहेगा द्य राष्ट्रीय परशुराम परिषद परिषद के शिविर में सप्तऋषि पंडाल बनेगा जिसमे भारद्वाज ऋषि गौतमऋषि जमदग्निऋषि, कौशिकऋषि वशिष्ठऋषि जैसे आदि ऋषियो के चित्र सहित उनके बारे में जीवनी का भी उल्लेख होगा द्य शिविर में भगवान श्री परशुराम जी पर साहित्यकारों का सम्मलेन आयोजित होगा जिसमे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि एवं भजनसम्राट द्वारा भगवान श्री परशुराम जी पर भजन एवं गीत का कार्यक्रम किया जायेगा द्य पहली बार भगवान श्री परशुराम चालीसा एवं आरती का विमोचन होगा तथा भगवान श्री परशुराम जी की प्रथम बार श्री परशुराम कथा का भी कार्यक्रम होगा जिसमे पूज्य कथावाचक भगवान श्री परशुराम जी के जीवन चरित्र पर अपनी मधुर वाणी से वाणी से अमृत वर्षा करेंगे द्य धर्मरक्षा के लिए सर्वशक्तिमान भगवान परशुराम जी ने भगवान विष्णु के छठवें अवतार रूप में पृथ्वी पर आकर ने साधू–संतों, गरीबों एवं महिलाओ के सम्मान में विभिन्न आततायी राक्षसों का वध किया था

केरल से लेकर के कोंकरण तक आपदा के समय अपने फरसे से समुन्द्र कोल कर सभी के जान बचाने जैसे आदि कार्य किया था जो केरल, गोवा तथा आधा कर्नाटक परशुराम क्षेत्र माना जाता है द्य ऐसे विभिन्न विषयों पर पूज्य संतों का संत द्य समागम कार्यक्रम आयोजित होगा

# निहारिका साहित्य मंच कंट्री आफ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया विश्वभूषण सम्मान समारोह का आयोजन

## मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हरि ओम एवं पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह के द्वारा कई हस्तियों को किया गया सम्मानित

लखनऊ।निहारिका साहित्य मंच कंट्री ऑफ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट का द्वितीय वार्षिकोत्सव भव्य तरीके से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में सम्पन्न हुआ। संस्थापिका डॉ रीमा सिन्हा एवं अध्यक्ष डॉ अब्दुल अजीज सिद्दीकी द्वारा आयोजित इस आयोजन में कई प्रांतों से आये करीब 70 साहित्यकार एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात श्रीमती गीता सक्सेना जी के द्वारा सुमधुर वाणी वंदना की प्रस्तुति दी गयी। मंच के द्वारा परम विश्व भूषण सम्मान पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी को दिया गया।मंचासीन मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी श्री हरि ओम जो एक वरिष्ठ साहित्यकार भी हैं उन्होंने अजीज सिद्दीकी एवं डॉ रीमा सिन्हा को द्वितीय वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए अपने वक्तव्य में साहित्यिक पक्ष को बखूबी दर्शाया।उन्होंने कहा कि साहित्य संवेदना से चलती है।लेखनी से हृदय तृप्त अवश्य होता है लेकिन भौतिक वाद युग में इस क्षेत्र में पैसे न के बराबर मिलने की वजह से लोग इसे कम आंकने लगे हैं। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्री मुकुल महान जी ने मंच को शुभकामना देते हुए अपने चिर परिचित अंदाज में एक हास्य कविता सुनाई।तत्पश्चात मान्यता पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि जनाब अब्दुल वहीद ने शुभकामना देते हुए मंच के उत्तरोत्तर तरक्की की कामना की।विशिष्ट अतिथि,प्रसिद्ध गजलकार एवं साहित्यकार मोहम्मद अली साहिल जी की गजलों पर श्रोता झूम उठे तो वहीं सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉ उमंग खन्ना (विशिष्ट अतिथि )के स्नेहिल स्वभाव और उनके शुभकामना संदेश ने मन्त्रमुग्ध कर दिया।विशिष्ट अतिथि डॉ अमिता दुबे, वी बी पाण्डेय, डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी जी, भाजपा नेत्री फरहा रिजवी की उपस्थिति ने मंच की गरिमा को और भी बढ़ा दी।सभी साहित्यकारों ने सुंदर शब्दों में गीत पिरोकर मंच को शुभकामना दी।सम्मानित होने वाले साहित्यकारों के नाम प्रतिभा सिंह(लखनऊ ),रुपेश कुमार (बिहार )रेखा बोरा (लखनऊ ),कुलदीप सिंह रुहेला(सहारनपुर ),शेषमणि शर्मा (प्रयागराज),कवि अशोक अलख(जबलपुर, मध्यप्रदेश ),डॉ. मीरा कनौजिया (कानपुर), किरणा पाण्डेय(गोरखपुर), सरिता सिंह (गोरखपुर),सुमन झा श्माहेश(गोरखपुर),जमीला खातून(झाँसी),एस पी दीक्षित (उन्नाव),कर्मेश सिन्हा (दिल्ली ),सुधीर सिंह (दिल्ली )ममता गुप्ता(बाराबंकी ),मान सिंह सुथार (राजस्थान ),रामजी तिवारी(उन्नाव),प्रदक्षिणा मिश्रा (लखनऊ),डॉ चंद्रावती (लखनऊ), डॉ विभा प्रकाश (लखनऊ ),शीला वर्मा मीरा(लखनऊ )। सम्मानित होने वाले समाजसेवी एवं पत्रकार–गीता सक्सेना,संध्या श्रीवास्तव,मानसी बाजपेई,नितिन नारायण तिवारी,पलक जायसवाल,अदीबा खान,मिठु रॉय,पूजा श्रीवास्तव,अनवर आलम,शौर्य पंडित,मोईद सिद्दीकी,श्रीश सिंह,निदा फातिमा,नवाज खान,मिथलेश लखनवी,शबाब नूर,जमील मलिक,परवेज अख्तर,मुजीब बेग,जावेद बेग,मुश्ताक बेग,रश्मि गुप्ता,राकेश सिंह चौहान रहे।

इनके अतिरिक्त सभी विशिष्ट अतिथियों एवं मुख्य अतिथि को भी अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में निहारिका साहित्य मंच कंट्री ऑफ इंडिया का स्पेशल सम्मान श्बेस्ट राइटर ऑफ द मंथश कंट्री ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं लेखक जनाब परवेज अख्तर को दिया गया और निहारिका की ओर से एक उपहार बेहतरीन कवरेज के लिए यू पी हेड जमील मलिक को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रगान गया।शाम 4 बजे से आरम्भ हुआ यह आयोजन रात्रि भोज के साथ समाप्त हुआ।मंच अध्यक्ष डॉ अजीज सिद्दीकी एवं संस्थापिका डॉ रीमा सिन्हा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# सरकार छात्रों को लाठी की जगह रोजगार देना सुनिश्चित करे– अजय राय

लखनऊ। प्रयागराज सहित पूरे देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सामने उसके तुगलकी फरमान के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। लोक सेवा आयोग जो पेपर को लीक होने से नहीं रोक पा रहा था अब अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए नॉर्मलाइजेशन का सहारा ले रहा है। यूपी पीसीएस और आरओ–एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा दो दिन में कराने का आयोग ने निर्णय किया है। इसके बाद रिजल्ट नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) के आधार पर घोषित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रदेश भर के लाखों प्रतियोगी छात्र भाजपा सरकार में प्रतियोगी परीक्षाओं में जो भ्रष्टाचार फैला है उससे अपने भविष्य को लेकर सशंकित है। इसके पूर्व आयोग की परीक्षाओं का पेपर लीक हो गया उसके बाद जज बनाने के लिए होने वाली परीक्षा पीसीएस (जे) की कॉपियां बदल दी गई जिसके लिए छात्रों को न्यायालय की शरण लेना पड़ा। इसके कारण छात्रों को न तो आयोग पर विश्वास रह गया है और न ही भाजपा की सरकार पर। वह आयोग के नॉर्मलाइजेशन की नीति के खिलाफ आंदोलनरत हैं।कहा कि भाजपा सरकार केवल नौजवानों के साथ खिलवाड़ कर रही है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भी ठप्प पड़ा है। शिक्षा सेवा चयन आयोग बनाने के नाम पर लाखों शिक्षकों के पद खाली पडेध हैं। भाजपा सरकार की नीति है कि सरकारी नौकरी जो गरीब, पिछड़े, दलित, वंचित वर्ग को अपनी दशा बदलने का अवसर प्रदान करती थी उससे उनको वंचित करने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी उनको इस मंसूबे में कभी भी सफल नहीं होने देगी। कहा कि हजारों छात्र कल से ही लोक सेवा आयोग के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, जिसमें हमारी बच्चियां भी अपने भविष्य को बचाने के लिए रात भर धरने में शामिल रहीं। श्री राय ने कहा कि सरकार छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पीसीएस और आरओ–एआरओ की परीक्षा में नार्मलाइजेशन को समाप्त कर के एक ही दिन में एक पाली में सुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराए। सरकार छात्रों को लाठी की जगह जल्द से जल्द रोजगार देना सुनिश्चित करे, उनके रोजगार प्राप्त करने के रास्ते में नार्मलाइजेशन जैसी बाधाओं को न खड़ा करे।

# युवा पर्यटन मित्रों ने देखा प्रवासी 'पक्षियों का स्वर्ग'

लखनऊ । जनपद उन्नाव में स्थित नवाबगंज पक्षी विहार प्रवासी पक्षियों के स्वर्ग के रूप में जाना जाता है। साल भर इस पक्षी विहार में देशी–विदेशी पक्षी शरण लेते हैं। पारिस्थितिकीय तंत्र पक्षियों के अनुकूल होने से प्रवासी पक्षी यहां प्रजनन भी करते हैं। पक्षियों को देखने एवं उनके कलरव को सुनने के लिए देश–विदेश से पक्षी प्रेमी यहां आते रहते हैं। इस पक्षी विहार की जैवविविधता को युवाओं को परिचित कराने के लिए पर्यटन विभाग ने युवा पर्यटन क्लब के छात्र–छात्राओं को भ्रमण कराने का निर्णय लिया। इसके तहत उत्तर प्रदेश ईको–टूरिज्म डेवलपमेन्ट बोर्ड तथा ईज माय ट्रिप के सौजन्य से पक्षी विहार का भ्रमण कराया गया। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण तथा वन्य जीवों एवं पक्षियों को प्राकृतिक रूप से देख सकें। भविष्य में ऐसे ही शैक्षिक भ्रमण कराने की योजना है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ईको–टूरिज्म लगातार लोकप्रिय हो रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि स्थानीय जैवविविधता को संरक्षित रखते हुए पर्यटकों को प्रदेश के नैसर्गिक सौन्दर्य एवं रमणीक स्थलों को दिखाया जाए। इसी क्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव निदेशक जैवविविधता संजय वास्तव तथा निदेशक पर्यटन ने आज सुबह पर्यटन भवन से 30 युवा पर्यटन मित्रों को हरी झण्डी दिखाकर नवाबगंज पक्षी विहार के लिए रवाना किया। पर्यटन क्लब के युवा सदस्यों को पक्षी विहार पर आधारित लघु फिल्म भी दिखायी गयी। छात्रों को उनके आश्रय स्थल और आहार के बारे में जानकारी दी गयी। इसके बाद डियर पार्क का भी भ्रमण कराया गया। पर्यटन मंत्री ने बताया कि हरी झण्डी दिखाने से पूर्व युवा पर्यटन मित्रों के साथ वैचारिक संवाद भी हुआ। इससे विद्यार्थी प्राकृतिक स्थल, विभिन्न प्रकार पक्षियों और वन्यजीवों के बारे में सीखेंगे। उन्होंने बताया कि नवाबगंज पक्षी विहार महत्वपूर्ण प्राकृतिक स्थल है। यह प्रवासी पक्षियों के लिए स्वर्ग है। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने कहा कि, 'नवाबगंज पक्षी विहार राजधानी लखनऊ से मात्र 40 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। यहां 250 से अधिक प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का आश्रय स्थल है। नवाबगंज पक्षी अभयारण्य टूर पैकेज उत्तर प्रदेश इको–टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड और ईज माय ट्रिप के सहयोग से एक शैक्षिक और अनुभवात्मक यात्रा है, जिसे डीएवी स्कूल लखनऊ के युवा पर्यटन क्लब के छात्रों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

लखनऊ के पास स्थित यह अभयारण्य छात्रों को विभिन्न पक्षी प्रजातियों को देखने और उनके रहन–सहन के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है।

# विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए– केशव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन के सापेक्ष व्यय और अधिक बढ़ाया जाए। इसकी लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जांय और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग में सभी खाली पदों को भरने की प्रभावी कार्यवाही की जाय। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विभाग में भर्ती में आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। सभी पदों की सूची उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पदों का अधियाचन भेजा जाना अभी बाकी हो, उनका अधियाचन भी तत्काल भेजा जाय। इसमें कहीं किन्हीं औपचारिकताओं को पूर्ण किया जाना बाकी हो या कहीं कोई अड़चन हो, तो सम्बन्धित अधिकारी आपस में समन्वय कर समाधान सुनिश्चित करें।जो अधियाचन भेजे गये हैं उसकी समेकित सूचना उन्हें उपलब्ध करायी जाय। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय 7– कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बृहद स्तर पर की जाने वाली चौपालों के आयोजन की प्रभावी व ठोस रणनीति बनायी जाय। कहा कि चौपालों की गम्भीरता बनाये रखी जाय। चौपालों को भव्य स्वरूप दिया जाय। कहां कि सोशल आडिट व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमो को ग्राम चौपाल से एलाइन किया जाय। कहा कि विभाग में किसी भी स्तर भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। इसके लिए प्रभावी कदम उठायें जांय। हर दृष्टिकोण से ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में नम्बर एक पर रखना है। विभाग की स्वच्छ व पारदर्शी छवि बनाये रखी जाय। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बसावटों को पीएमजीएसवाई की सड़कों से जोड़ने हेतु भारत सरकार को प्रपोजल भेजा जाय और इस योजना की सभी सड़कें एफडीआर तकनीक पर ही बनायी जांय। एफडीआर तकनीक से बनायी गयी सड़कों में बचत की गयी लगभग 2500 करोड़ की धनराशि का ब्यौरा देते हुए उसके सापेक्ष यूपी के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटन के प्रपोजल भेजने का कार्यवाही की जाय। कहा कि सड़कें निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बने और गुणवत्तापूर्ण बने। अन्य विभागों से समन्वय कर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा अधिक से अधिक कार्य कराने का प्रयास किया जाय। कहा कि एफडीआर तकनीक पर कार्य करने वाले ठेकेदारों की कार्यशाला करायी जाय। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। सड़कों का नियमित रूप से निरीक्षण कराया जाय। निर्देश दिए कि टी एच आर प्लान्टो को सोलर एनर्जी से जोड़ने की कार्यवाही कर उन्हें अनुदान दिलाने की कार्यवाही की जाय। जहां– जहां सोलर एनर्जी से जोड़ा गया है, उसकी सूची उपलब्ध करायी जाय।समूहों के उत्पादों की पैकेजिंग, गुणवत्ता व विपणन के लिए प्रभावी कदम उठाए जांय तथा समूहों द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का भुगतान समय कराया जाय। कहा कि टी एच आर प्लान्टो की उत्पादन व सप्लाई व्यवस्था में और अधिक सुधार किया जाय और प्रोडक्शन बढ़ाया जाए। जहां बी एम एम नहीं है, वहां पर एडीओ आई एस बी से कार्य लेने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्लान तैयार किया जाय। कहा कि उत्तर प्रदेश 30 लाख लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की ओर लगातार अग्रसर है। इस कार्य में आजीविका रजिस्टर पर फीडिंग के कार्य में तेजी लायी जाय। समूहों की दीदियों को अलग–अलग विभागों की स्कीमों से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जाएं। निर्देश दिए कि महाकुंभ में समूहों की दीदियों के उत्पादो के प्रचार प्रसार व बिक्री के लिए सभी जिलों के लिए पर्याप्त स्थान पहले से ही आरक्षित करा लिया जाए और कम से कम दो सरस मेले कुंभ में आयोजित करायें जाय। महिला सशक्तीकरण के लिये हर सम्भव प्रयास किए जाएं। कहा कि समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जांय तथा समूहों के उत्पादों के सर्टिफिकेशन का भी प्रयास किया जाए।उन्होंने कहा विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध करायी जाय, इसके लिए जिम्मेदारी फिक्स की जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के क्रियाकलापों व गतिविधियों को विकेंद्रीकृत करने का कार्य किया जाय । ग्राम्य विकास संस्थानों में उनकी क्षमता के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जाय। कहा कि एस आई0आर0डी0 ट्रेनिंग की सूचनाओ की अपडेटिंग के लिए पोर्टल बनाये तथा ट्रेनिंग लेने वालों की बायोमेट्रिक हाजिरी लेने की व्यवस्था की जाय।

# महाकुम्भ–2025 के आयोजन से पूर्व प्रभावी आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से मॉक एक्सरसाइज के आयोजन हेतु यू0पी0 एस0डी0एम0ए0 और एन0डी0एम0ए0, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की बैठक

लखनऊ। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एन०डी०एम०ए०), गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यू०पी०एस०डी०एम०ए०) के समन्वय से महाकुम्भ–2025 के आयोजन से पूर्व प्रभावी आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से मॉक एक्सरसाइज का आयोजन जनपद प्रयागराज में माह दिसम्बर–2024 एवं जनवरी–2025 में किया जाना है।आज दिनांक 12 नवंबर 2024 को प्राधिकरण के सभाकक्ष में माननीय सदस्य, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार से ले. जनरल सय्यद अता हसनैन, पी.वी.एस.एम, यू.वाई.एस.एम., ए.वी.एस.एम., एस.एम., वी.एस.एम. और बी.ए.आर. (से.नि.) तथा उत्तर देश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माननीय उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्रडिमरी, पी.वी.एस.एम,ए.वी.एस.एम,वी.एस.एम, (से.नि.) की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माननीय उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्रडिमरी, पी.वी.एस.एम,ए.वी.एस.एम,वी.एस.एम(से.नि.) द्वारा अवगत कराया गया कि महाकुम्भ–2025 के दृष्टिगत यू०पी०एस०डी०एम०ए० द्वारा विभिन्न संस्थाओं जैसे–सिविल डिफेन्स, आपदा मित्र, एन०सी०सी०, एन०एस०एस०, एन०वाई०के०एस०, भारत स्काउट गाइड एवं होम गार्ड्स के स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा माह दिसम्बर–2024 में सभी संबंधित विभागों, संस्थाओध्संगठनों तथा रिस्पॉन्सफोर्सेस के साथ टेबलटॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा, जिसमे कुम्भ मेला में संभावित आपदाओं से निपटने के संबंध में चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में माह जनवरी–2025 में सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मेगामॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। जनरल डिमरी द्वारा यह भी बताया गया कि मेला एवं आस–पास के क्षेत्र का एच०आर०वी०सी०ए० तैयार कर आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार की जा रही है। एन०डी०एम०ए० के माननीय सदस्य ले. जनरल सय्यद अता हसनैन ने बैठक के दौरान यू०पी० एस०डी०एम०ए०द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं उक्त कार्यों में एन०डी०एम०ए० द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा ऐसा विश्वास दिलाया। उक्त बैठक में ब्रिगेडियर अजय गंगवार (से.नि.) एवं उ0 प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के प्रोजेक्ट एक्स्पर्ट्स निखिल गंगवार, प्रवीन किशोर तथा चंद्र कान्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' सी.एम.एस. में 22 नवम्बर से

## 54 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश व

लखनऊ, 12 नवम्बर। 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 25वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' आगामी 22 नवम्बर, शुक्रवार से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में प्रारम्भ हो रहा है। सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, संसद सदस्य, इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों समेत 54 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् लखनऊ पधार रहे हैं। यह जानकारी आज यहाँ सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में सम्मेलन की संयोजका एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दी। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी एवं सम्मेलन के जनरल सेक्रेटरी श्री आर. सी. गुप्ता भी उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. किंगडन ने बताया कि 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन 'ए गवर्नेन्स फॉर द फ्यूचर' थीम पर आधारित है एवं विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर व सुखमय भविष्य को समर्पित है।

प्रो. किंगडन ने बताया कि आगामी 22 नवम्बर को इस एतिहासिक सम्मेलन के उद्घाटन हेतु मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को आमन्त्रित किया गया है। इसके अलावा, श्री राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री, भारत सरकार, श्री अर्जुन राम मेघवाल, कानून एवं न्यायमंत्री, भारत सरकार, श्री कीर्तिवर्धन सिंह, राज्यमंत्री, विदेश, भारत सरकार, डा. सुधांशु त्रिवेदी, सांसद, राज्यसभा, आदि अपनी गरिमामय उपस्थिति से सम्मेलन का गौरव बढ़ायेंगे। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि लखनऊवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि देश–दुनिया की तमाम प्रख्यात हस्तियाँ एक बार फिर से लखनऊ का नाम विश्वपटल पर आलोकित करने हेतु यहाँ पधार रही है। सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी जी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' में विश्वास रखते हुए आजीवन विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित व सुखमय भविष्य हेतु प्रयासरत रहे। यह उन्हीं के अतुलनीय प्रयासों का प्रतिफल है कि यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित है, जिसमें अब तक 141 देशों के 1480 मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश एवं कानूनविद् पधार चुके हैं।




# 14 नवंबर को बाल दिवस पर संस्कार सेना की अनूठी पहल

## शिक्षा के साथ संस्कार कार्यक्रम का रविंद्र भवन भोपाल से शुभारंभ

भोपाल संवाददाता 12 नवंबर माता–पिता के प्रति युवा पीढ़ी में सम्मान की अलख जगाने वाली संस्कार सेना द्वारा स्कूलों में अध्यनरत छात्रों की माता–पिता पर आधारित सामान्य ज्ञान परीक्षा ली जा रही है इस परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्रों का बाल दिवस पर रवींद्र भवन भोपाल में सम्मान करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरभजन जांगड़े ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री श्री विश्वास सारंग श्रीमती कृष्णा गौर एवं धर्मेंद्र लोधी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे प्रातः 10रू00 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा तथा 3रू00 बजे समापन हो जाएगा स्कूल के बच्चों द्वारा माता–पिता की दशा एवं युवाओं की दिशा पर नाटक के माध्यम से भी प्रकाश डाला जाएगा वहीं बुंदेलखंड की जानी–मानी हस्ती बाबूलाल मस्ताना द्वारा बुंदेलखंडी लोकगीत का भी आयोजन रहेगा जिन स्कूलों के बच्चे इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे उन स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों समाजसेवी यो एवं मीडिया का भी सम्मान किया जाएगा इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता लालजी राम जौहरी राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे संस्कृति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एल एन दांडे प्रदेश सचिव वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार दुबे भोपाल जिला अध्यक्ष मदन लाल मेहरा सोशल मीडिया प्रभारी राहुल कुमार नागर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



# झांसी में एसडीएम की गाड़ी पर महिला और युवक ने लगाए ठुमके, डांस का वीडियो हुआ वायरल

झांसी। सोशल मीडिया पर इन दिनों झांसी से एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला और एक युवक, एसडीएम की गाड़ी पर ठुमके लगाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में गाड़ी पर नीली बत्ती और हूटर का भी इस्तेमाल किया गया है, जिससे लोग गाड़ी को सरकारी वाहन समझ सकें। इस वीडियो के सामने आने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है और सोशल मीडिया पर इसे लेकर जमकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

वीडियो में महिला और युवक एसडीएम की सरकारी गाड़ी पर चढ़कर नाचते हुए देखे जा सकते हैं। वीडियो में यह भी देखा गया कि गाड़ी पर नीली बत्ती जलाई गई और हूटर बजाया गया, मानो वे किसी बड़े अधिकारी का रौब दिखा रहे हों। इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों में उत्सुकता बढ़ गई और विभिन्न प्लेटफार्म्स पर



इसे खूब शेयर किया गया।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि गाड़ी पर नीली बत्ती और हूटर का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह सरकारी गाड़ी के रूप में पहचानी जाए। लोगों का कहना है कि इस तरह से गाड़ी का दुरुपयोग करना न केवल गलत है, बल्कि सरकारी नियमों का उल्लंघन भी है। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया है। झांसी के उच्चाधिकारियों ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि गाड़ी का दुरुपयोग किस तरह हुआ और किन लोगों ने इसका इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी वाहनों का इस तरह से दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना पर लोगों ने विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। कुछ ने इसे मनोरंजन के रूप में लिया, तो कुछ ने इसे सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग बताया। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाला मामला करार दिया।

अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाएं जनता में प्रशासन की छवि को खराब करती हैं, और इस तरह की गैर–जिम्मेदाराना हरकतों को रोकना बहुत जरूरी है।

# समाज में भेदभाव और असमानता को बढ़ावा देने वाले बयानों का हम कड़ा विरोध करते हैं - अनीस मंसूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अनीस मंसूरी ने इसे समाज में नफरत और भेदभाव फैलाने वाला बयान करार दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयानों से समाज में विभिन्न वर्गों के बीच अलगाव और असमानता को बढ़ावा मिलता है, जो कि एक स्वस्थ और समतामूलक समाज के लिए ठीक नहीं है।बबीता चौहान ने हाल ही में बयान दिया




था कि पुरुषों को टेलरिंग शॉप पर महिलाओं के कपड़ों की नाप लेने से परहेज करना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मंसूरी ने कहा कि समाज में पुरुष और महिलाएं सभी कार्यक्षेत्रों में एक साथ काम करते हैं और अपनी सेवाएं देते हैं। ष्पुरुष डॉक्टर महिलाओं का इलाज करते हैं, उनका ऑपरेशन करते हैं, और कई मामलों में प्रसव जैसी संवेदनशील जिम्मेदारियां भी निभाते हैं। ऐसे में टेलरिंग जैसे कार्यों में महिलाओं के कपड़ों की नाप लेने पर आपत्ति करना किसी भी तरह से उचित नहीं है।ष्अनीस मंसूरी ने कहा कि समाज को ऐसी सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ टेलरिंग या कपड़ों की नाप का विषय नहीं है, बल्कि इसके गहरे सामाजिक प्रभाव हैं। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि पुरुष डॉक्टर और नर्स विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं का इलाज और देखभाल करते हैं, जिसमें सर्जरी और प्रसव जैसी जिम्मेदारियां भी शामिल हैं। यदि चिकित्सा क्षेत्र में लैंगिक आधार पर कार्यों का विभाजन किया जाए, तो स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी असुविधा हो सकती है, जो समाज के हित में नहीं है।उन्होंने कहा, ष्समाज में समानता और एकता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जब हम ऐसे बयान देते हैं जो भेदभाव और असमानता को बढ़ावा देते हैं, तो यह समाज में नकारात्मकता और असंतोष को जन्म देता है।ष श्री अनीस मंसूरी ने कहा कि हमारे देश की शक्ति उसकी विविधता में है, और हमें इसे नष्ट करने के बजाय इसे प्रोत्साहित करना चाहिए।मंसूरी ने यह भी कहा , फैशन डिजाइनिंग, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, मेंहदी और ब्यूटी पार्लर जैसे विभिन्न कार्यों में पुरुषों की सक्रिय भागीदारी है, और यह उनके लिए रोजगार का एक जरिया भी है। ष्यदि हम इस तरह के भेदभावपूर्ण नियम बनाते हैं, तो हम उन लाखों परिवारों की आजीविका पर असर डालते हैं जो इन व्यवसायों पर निर्भर हैं,ष उन्होंने कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रोजगार के अवसर सभी को मिलने चाहिए, चाहे वे पुरुष हों या महिला।

# बुजुर्ग को थाने में बैठाकर बेटों से रिश्वत मांगने का आरोपी इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

कानपुर संवाददाता। रिश्वत मांगने के आरोप में फंसे कल्याणपुर के अतिरिक्त इंस्पेक्टर संजीव कुमार को मंगलवार पुलिस कमिश्नर ने लाइन हाजिर कर दिया। सीपी ने इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी है। इसकी जांच एसीपी कल्याणपुर को सौंपी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ही अतिरिक्त इंस्पेक्टर को हटाया गया है।

बता दें, एक गारमेंट कंपनी के मैनेजर विशाल जाजू ने मसवानपुर निवासी दीनबंधु दीक्षित व उनके बेटे आदित्य के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसकी विवेचना अतिरिक्त इंस्पेक्टर को सौंपी गई थी। इंस्पेक्टर ने दीनबंधु को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। आरोप है कि उन्हें छोड़ने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की मांग की गई। इस बीच किसी ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि इंस्पेक्टर का कहना था कि नोटिस रिसीव कराने के बाद दीनबंधु के परिजनों को सुपुर्दगी में देने के लिए बुलाया गया था।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चालक की मौत

कानपुर संवाददाता। कानपुर के सरसौल कस्बे में सोमवार मध्य रात्रि महाराजपुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नवोदय नगर के पास हाईवे किनारे वाहन खड़ा कर एक चालक पहिए की हवा चेक कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया मध्य रात्रि नवोदय नगर के पास दुर्घटना की सूचना मिली थी।

मौके पर जाकर मृत मिले चालक की शिनाख्त के प्रयास किए गए, जिसमें चालक की शिनाख्त बर्रा थाना क्षेत्र के रहने वाले जितेंद्र सिंह के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दी गई थी। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नेशनल हाईवे किनारे अतिक्रमण की वजह से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं

एनएचएआई के रात्रि गस्त करने वाली टीम के प्रभारी राकेश ने बताया कि उनका पेट्रोलिंग क्षेत्र लगभग 80 किलोमीटर तक फैला हुआ है। हाइवे किनारे खड़े वाहनों को लगातार हटवाया जाता है, लेकिन हम लोगो के कुछ दूर जाने के बाद स्थिति फिर से वही हो जाती है। हादसों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 223 जोड़ों का विवाह

मऊ संवाददाता। मऊ के नगर पालिका परिषद कम्युनिटी हाल में सामुहिक विवाह योजना के तहत जोड़ों की शादी कराई



गई। इस दौरान वर वधु पक्ष में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर पालिका के 20, विकासखंड परदहा के 26 तथा रतनपुरा के 27 जोड़े शामिल हुए। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, सुनील गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, अरशद जमाल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

इसी तहत गांधी मैदान पाती रोड मधुबन में आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड फतेहपुर मंडाव के 43, दोहरीघाट के 41 जोड़ों ने विधि विधान से सात फेरा लिया। इस अवसर पर मीनू सिंह ब्लाक प्रमुख फतेहपुर मंडाव, अभिषेक सिंह प्रतिनिधि विधायक मधुबन ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विकासखंड मुहम्मदाबादगोहना के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड मुहम्मदाबादगोहना के 31, विकासखंड रानीपुर के 33, घोसी के एक और बड़रांव के एक लाभार्थी शामिल हुए।

इस अवसर पर विनय कुमार सदस्य उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग, नूपुर अग्रवाल जिलाध्यक्ष भाजपा ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# निजी स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में छह सौ बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

जौनपुर संवाददाता। सिकरारा क्षेत्र के फतेहगंज स्थित निजी स्कूल पर मंगलवार को निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छह सौ छात्रों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। स्कूल के निदेशक द्वय डॉ अरविंद सिंह व विख्यात सिंह ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिन में नौ बजे से ही विद्यालय के सभागार भवन में बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर मुकेश शुक्ल, आर्थो सर्जन डाक्टर अवनीश सिंह, दंत सर्जन डाक्टर गौरव प्रकाश मौर्य, स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर शिखा शुक्ला व डाक्टर तूलिका मौर्य अपने अस्पताल के सहयोगियों के साथ पहुंच कर बच्चों के स्वास्थ्य का गहन परीक्षण शुरू किया।

दिन में बारह बजे तक परीक्षण का क्रम चलता रहा। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शिखा शुक्ला ने बताया कि कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपीलीमा वायरस (एचपीवी) होता है। यह वायरस यौन सम्बन्धी गति विधियों के संक्रमण से फैलता है। जानकारी के अभाव में शहरों की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में यह घातक बीमारी महामारी का रूप धारण करती जा रही है।

इससे बचाव के लिए नौ से चौदह वर्ष आयु के बीच एचपीवी वैक्सीन का टीका अवश्य लगवा लेना चाहिए। साथ ही साथ विशेषज्ञ चिकित्सको की सलाह लेते रहने से कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। डॉ तूलिका मौर्य ने बच्चों को रोगों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी दी।

बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर मुकेश शुक्ल ने कहा कि बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होने की वजह से मौसमी बीमारियां और इन्फेक्शन उन्हें आसानी से अपना शिकार बना लेती है। उनके पौष्टिक आहार ग्रहण करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।तबियत खराब हो तो तुरंत ही विशेषज्ञ चिकित्सको की सलाह अवश्य लें अन्यथा रोग जानलेवा हो जाता है।

# मौत का ऐसा गड्ढा – बचने तक का नहीं दिया मौका, बच्ची संग चार महिलाओं की मौत

कासगंज संवाददाता। कासगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहनपुरा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 530–बी की निर्माणाधीन पुलिया के लिए खोदे गए गड्ढे में मिट्टी खोदने आईं छह महिलाएं, एक पुरुष व दो बच्चे मिट्टी की ढाय में दब गए। ग्रामीण व पुलिस की मदद से इन्हें बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने तीन महिला व एक बालिका को मृत घोषित कर दिया। जबकि पांच अन्य का उपचार चल रहा है। स्थानीय विधायक, डीएम, एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

मिट्टी की ढाय अधिक खोखली थी। जब महिलाएं और बच्चियां मिट्टी खोद रहे थे, तभी ये उनके ऊपर गिर गईं। अधिक गहराई के कारण मिट्टी में सभी काफी नीचे दब गए। बचाव के लिए आई टीम ने जेसीबी की मदद से मिट्टी को हटाने का काम किया।

जिले में मथुरा–बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 530–बी का निर्माण कार्य चल रहा है। कस्बा मोहनपुरा के निकट राधास्वामी सत्संग भवन के निकट पुलिया निर्माणाधीन है। इसके लिए यहां कार्यदायी संस्था ने गहरा गड्ढा खोदा था। इस गड्ढे में रामपुर व कातौर गांव की काफी महिलाएं मंगलवार की सुबह करीब चार–पांच बजे मिट्टी लेने गई थीं। इनके साथ बच्चे भी थे। करीब 7 बजे मिट्टी खोदते समय अचानक मिट्टी की ढाय गिर गई।

इससे गड्ढे में मौजूद छह महिलाएं, एक पुरुष व दो बच्चे मिट्टी की ढाय में दब गए। गड्ढे से बाहर खड़ी महिलाओं ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आए ग्रामीण व युवाओं ने मिट्टी हटाकर उन्हें बचाने का प्रयास किया। कस्बा चौकी इंचार्ज भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घायलों को निजी गाड़ियों से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने तीन महिला सरस्वती (30) पत्नी रघुवीर, प्रेमादेवी (36) पत्नी गंगाप्रसाद, रामबेटी (35) पत्नी दानपाल और बालिका पिंकी (11) पुत्री मानपाल निवासीगण गांव रामपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य कृष्णा (45) पत्नी सुरेश, अर्जुन (2 वर्ष) पुत्र शिशुपाल निवासी कातौर, महेश्वरी (45) पत्नी चंद्रपाल, हेमलता (35) पत्नी भूपेंद्र और प्रेमसिंह (28) पुत्र नाथूराम गंभीर थे।

इनमें से महेश्वरी की गंभीर हालत देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम राकेश पटेल, एसडीएम कोमल पंवार, सीओ सिटी आंचल चौहान सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि मिट्टी की ढाय में दबकर तीन महिला व एक बालिका की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य घायल हैं। यह बहुत ही दुखद घटना है। प्रशासन घायलों के उपचार में पूरी मदद करेगा।

# संपादकीय

## कांग्रेस के आरोप गंभीर

चुनाव की स्वच्छता पर कांग्रेस की ठोस राय क्या है? अगर देश में स्वच्छ चुनाव नहीं हो रहे, तो इस प्रश्न पर उसकी तैयारी क्या है? ऐसी शिकायतों का समाधान निर्वाचन आयोग या न्यायपालिका के पास जाने से तो नहीं हो सकता।जैसी अपेक्षा थी, निर्वाचन आयोग ने हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी की कांग्रेस की शिकायत ठुकरा दी है। उसने कांग्रेस के आरोपों को श्बेबुनियाद, भ्रामक और तथ्यों से दूरय्र बताया है। आयोग सिर्फ यहीं तक रुका। उसने कांग्रेस को चेतावनी दी कि भविष्य में पार्टी ऐसे आरोप लगाने से बाज आए। आयोग ने इल्जाम लगाया है कि ऐसे श्सामान्यय्र किस्म के आरोप लगाकर कांग्रेस बिना किसी साक्ष्य के झूठे कथानक फैला रही है। आयोग ने कहा है कि ऐसी बातें मतदान या मतगणना का दिन करीब आने पर की जाती हैं, जिससे भड़काऊ माहौल बन सकता है। हरियाणा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने कई निर्वाचन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर की शिकायत दर्ज कराई थी। कहा था कि कुछ क्षेत्रों में ईवीएम 99 प्रतिशत तक चार्ज्ड अवस्था में पाई गईं, जो सामान्यतरू संभव नहीं है। अब चूंकि आयोग ने इन शिकायतों को सिरे से खारिज कर दिया है, तो सवाल है कि कांग्रेस क्या करेगी? क्या दलील मंजूर ना होने की पूरी संभावना के बावजूद वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी? या चुपचाप इस मसले को यहीं छोड़ अगले चुनावों में मशगूल हो जाएगी? अनुमान लगाया जा सकता है कि महाराष्ट्र या झारखंड में कहीं भी इंडिया गठबंधन हारा, तो ऐसी शिकायतें फिर से उठाई जाएंगी।

आयोग की ये बात सही है कि विपक्ष अपनी हर हार के बाद ऐसा नैरेटिव खड़ा करता है। यह सच है कि विपक्ष जीत जाए, तो फिर वह जश्न मनाने में जुट जाता है। मुद्दा यह है कि चुनाव की स्वच्छता और निष्पक्षता पर कांग्रेस की ठोस राय क्या है? अगर वह मानती है कि देश में स्वच्छ चुनाव नहीं हो रहे, तो क्या इस प्रश्न पर उसने इंडिया गठबंधन के सहभागियों के साथ कोई साझा राय बनाने की कोशिश की है? ऐसी शिकायतों का समाधान निर्वाचन आयोग या न्यायपालिका में जाने से नहीं हो सकता। कांग्रेस के आरोप गंभीर किस्म के हैं। तो पहली शर्त है कि पार्टी खुद इसे गंभीरता से ले। अगर ऐसा है, तो फिर उसे व्यापक जन आंदोलन की तैयारी करनी चाहिए। वरना, इस गंभीर प्रश्न को अगंभीरता से उठाना छोड़ देना चाहिए।

## भारतीय रेलवे पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित

भारतीय रेलवे में सुरक्षा पहले से कहीं अधिक बेहतर हो गई है, जिसका श्रेय पिछले दशक में की गई योजनाबद्ध पहलों को दिया जा सकता है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे व्यस्त यात्री परिवहन नेटवर्क है और रेल–यात्री परिवहन में इसका विश्व में पहला स्थान है। रेलवे हर साल 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) से अधिक की दूरी तय करती है और 685 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराती है। यह आँकड़ा चीन से भी काफी बड़ा है, जहाँ अपने विशाल नेटवर्क और आबादी के बावजूद लगभग 300 करोड़ यात्री ही रेल का उपयोग करते हैं।

सुरक्षा में इस उल्लेखनीय सुधार का प्रमाण दुर्घटनाओं की घटती संख्या से मिलता है। जहाँ 2000–01 में 473 बड़ी रेल दुर्घटनाएँ हुई थीं, वहीं 2023–24 में यह संख्या घटकर केवल 40 रह गई है। यह गिरावट ट्रैक सुधार, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को हटाने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी और डिजिटल तकनीक के प्रयोग से संभव हुई है।

रेलवे के सुरक्षा प्रयासों को यात्री और पटरियों की लंबाई के आधार पर और भी सराहा जा सकता है। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक लोग 70,000 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। त्यौहारों के समय यह संख्या 3 करोड़ तक पहुँच जाती है। इसका मतलब है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 2त्न लोग सुरक्षित रूप से रेल से सफर करते हैं, जबकि चीन में यह आँकड़ा 0.58त्न और अमेरिका में मात्र 0.09त्न है।

भारतीय रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह 2023–24 में सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्पष्ट होता है, और चालू वित्त वर्ष में इससे भी अधिक खर्च करने की योजना है। इसका उद्देश्य रेलों, पुलों, पटरियों और संकेत प्रणालियों के रखरखाव में सुधार करना है। साथ ही, ओवर– और अंडर–ब्रिज के निर्माण के माध्यम से पटरियों के निकट की सड़क सुरक्षा में भी सुधार किया जाएगा।

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन का एक प्रमुख सूचकांक श्प्रति दस लाख ट्रेन किलोमीटर पर दुर्घटना की संख्याय्र (एपीएमटीके) है, जो 2000–01 में 0.65 से घटकर 2023–24 में 0.03 पर आ गया है। यह सुधार अत्याधुनिक तरीकों और उन्नत तकनीकों के उपयोग के कारण संभव हुआ है, जैसे कि बेहतर पटरी रखरखाव, पटरी दोषों का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड विफलताओं को रोकना और मानवीय त्रुटियों को कम करना। पटरी रखरखाव में सुधार के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहाँ 2013–14 में केवल 700 मशीनें उपयोग में थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 1,667 हो गई है। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे पटरियों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसके साथ ही,उपद्रवी गतिविधियों, पटरियों से छेड़छाड़ और पटरियों पर अवरोध वस्तुओं के कारण होने वाले जोखिमों से निपटने के लिए नियमित गश्त की जाती है।

यात्रियों की सुरक्षा से आगे बढ़कर, रेलवे अब वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 2024–25 तक 6,433 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के किनारे बाड़ लगाने का लक्ष्य है, जिसमें से अगस्त 2024 तक 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा कर लिया गया है। इससे मवेशियों के साथ टकराव की घटनाओं में कमी आएगी।

इन परिणामों को बनाए रखने और सुधार करने के लिए भारतीय रेलवे ने तकनीकी कार्यक्रमों और लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनाया है। इस पहल के तहत लोकोपायलटों को कोहरे वाले क्षेत्रों में परिचालन में सहायता के लिए जीपीएस–आधारित फॉग–पास डिवाइसेस की संख्या में वृद्धि की गई है, जो 2014–15 में केवल 90 थी और अब बढ़कर 21,742 हो गई है। लोकोपायलटों की सतर्कता बढ़ाने के लिए सभी लोकोमोटिव में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं, जिनकी संख्या 2013–14 में 10,000 से बढ़कर अब 16,021 हो चुकी है। सुरक्षा उपायों के अंतर्गत, बड़ी पटरी (ब्रॉड–गेज) मार्गों पर स्थित 6,637 स्टेशनों में से 6,575 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत संकेत प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं।लोकोपायलटों की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए ड्राइविंग कौशल और प्रतिक्रिया समय में सुधार के उद्देश्य से सिम्युलेटर–आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय अनुभव का अनुकरण करता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को अग्निशमन और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। 2023–24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने प्रारंभिक, प्रगति–उन्मुख, पुनरू अभ्यास और विशिष्ट जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोत्तम प्राथमिकता देते हुए, एलएचबी कोचों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो बेहतर दुर्घटना–रोकथाम सुविधाओं से लैस हैं। इन कोचों का डिजाइन इस तरह किया गया है ।

# योगी आदित्यनाथ सपा प्रमुख के खिलाफ ऐसे बुन रहे हैं सियासी जाल

सपा के पीडीए के नारे की अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए योगी पीडीए का अर्थ है 'प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी' बताते हैं। वह कहते हैं कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। भारतीय जनता पार्टी के नेता और खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजकल समाजवादी पार्टी को हिंदुत्व के नाम पर तो घेर ही रहे हैं इसके अलावा अखिलेश राज में फैली अराजकता, जंगलराज, उनके कार्यकाल में हुए दंगों की भी याद जनता को दिला रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि अखिलेश को चौतरफा घेरने की तैयारी चल रही है।हरियाणा वाला जादू यूपी में चल गया तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिये आगे की सियासी राह मुश्किल हो जायेगी। उप चुनाव में बीजेपी और योगी की यह रणनीति सफल रही तो इसका उप चुनाव में तो पार्टी को फायदा होगा ही 2027 में होने वाले यूपी विधान सभा चुनाव के लिये भी इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। दरअसल, योगी और अन्य बीजेपी के नेता उप चुनाव को 2027 के चुनाव का रिहर्सल मानकर चल रहे हैं, उप चुनाव के नतीजे बीजेपी के पक्ष में आते हैं तो लोकसभा चुनाव से उत्साहित अखिलेश बैकफुट पर आ सकते हैं। उधर, बीजेपी का लोकसभा चुनाव के नतीजों का गम भी काफी कम हो जायेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर योगी अपनी रैलियों में लगातार सपा सरकार के समय के गुंडाराज, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व व नेताओं की आपराधिक की परतें उधेड़ रहे हैं। वह अंबेडकरनगर की कटेहरी, मीरजापुर की मझवां और प्रयागराज की फूलपुर या अन्य विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में समाजवादी पार्टी को जहां अपराधी, दुष्कर्मी, माफिया का प्रोडक्शन हाउस बता रहे हैं, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इसका सीईओ और पार्टी महासचिव शिवपाल यादव को ट्रेनर करार दे रहे हैं।सपा के पीडीए के नारे की अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए योगी पीडीए का अर्थ है 'प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी' बताते हैं। वह कहते हैं कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। इसी के साथ योगी बार–बार याद दिलाते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, इसलिए एकजुट रहिए।भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि कांग्रेस–सपा वाले महापुरुषों का सम्मान नहीं करते हैं। एक साल पहले भाजपा 31 अक्टूबर को जब राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तो सपा और उसके मुखिया भारत विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है, क्योंकि उसने भारत का विभाजन कराया था।योगी बताते हैं कि एससी–एसटी पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुए। 2015–16 में इन लोगों ने एससी–एसटी के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन देश व समाज के लिए खतरनाक है, इसलिए हरियाणा में जनता ने उन्हें नहीं आने दिया और भाजपा की हैट्रिक लगाई। प्रयागराज के फूलपुर में भाजपा प्रत्याशी दीपक व मिर्जापुर के मझवां में शुचिस्मिता के समर्थन में आयोजित सभा में सपा को सीधे निशाने पर लिया। योगी की इसी मुखरता के कारण चुनाव प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव




में लगातार तीन दिनों तक नौ रैलियां करने के बाद योगी झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। योगी झारखंड में चार रैलियां कर भाजपा के चुनाव प्रचार को धार देंगे। इससे पहले पांच नवंबर को भी उन्होंने झारखंड में कई रैलियां कर भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार किया था। मुख्यमंत्री की पहली जनसभा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से मनु प्रताप शाही को उम्मीदवार बनाया है। योगी इसके बाद पलामू जिले की हुसैनाबाद सीट से उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के लिए वोट मांगेंगे। उनकी तीसरी व चौथी रैली भी पलामू में ही होगी। तीसरी रैली पांकी से शशिभूषण मेहता के लिए करेंगे। वहीं चौथी व आखिरी रैली डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा ने आलोक कुमार चौरसिया को उम्मीदवार बनाया है। योगी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं वहां पर अपनी तेज–तर्रार शैली की छाप भी छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है।

# अखिलेश यादव का आजम खान के परिवार से मिलकर मुस्लिम वोटों को जोड़ने की कोशिश

मुस्लिम वोटों का बिखराव सपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। अगर वोट बंटते हैं, तो इसका सीधा असर सपा की चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम समुदाय की निर्णायक भूमिका है। उत्तर प्रदेश के उपचुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं, और इस माहौल में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की रामपुर में आजम खान के परिवार से मुलाकात के सियासी मायने गहरे होते जा रहे हैं। इस मुलाकात को लेकर चर्चा हो रही है कि सपा इस अवसर का इस्तेमाल मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट करने के लिए कर सकती है, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका



में हैं। उपचुनाव में मुस्लिम वोटों का बिखराव सपा के लिए भारी पड़ सकता है, और ऐसे में आजम खान का परिवार सपा के लिए राजनीतिक समीकरण को साधने की एक अहम कड़ी बन सकता है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव 11 अक्टूबर को मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर चुनावी रैली करने के बाद सीधे रामपुर जाएंगे, जहां वे जौहर यूनिवर्सिटी के पास स्थित आजम खान के घर पर उनके परिवार से मिलेंगे। अखिलेश यादव आजम खान की पत्नी तजीन फात्मा, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात करेंगे। पिछले कुछ समय से, सपा ने आजम खान के मामले में कोई खास सार्वजनिक कदम नहीं उठाया था, लेकिन अब जब उपचुनाव की स्थिति विकट हो गई है, तो अखिलेश यादव आजम खान के परिवार से मिलकर मुस्लिम समुदाय के बीच अपनी

# भारत में मुसलमानो का ही दबदबा क्यों ? क्यों तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से वार्ता करनी पड़ रही है ?

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद क्या महाराष्ट्र झारखंड और राजस्थान, यूपी आदि के उपचुनाव में हिंदुओं के वोट इंडिया गठबंधन को मिलनी चाहिए

गत 6 नवंबर को जम्मू कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 की बहाली वाला प्रस्ताव बहुमत के साथ स्वीकृत हो गया। भले ही इस प्रस्ताव का भाजपा ने कड़ा विरोध किया हो लेकिन कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी और सत्ता के लालची कुछ निर्दलीय विधायकों के समर्थन से प्रस्ताव को मंजूर कर लिया गया। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद सवाल उठता है कि क्या झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव और राजस्थान, यूपी आदि के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट मिलने चाहिए? सब जानते हैं की अनुच्छेद 370 के प्रभावित रहते हुए ही कश्मीर घाटी से चार लाख हिंदुओं को प्रताड़ित कर भगा दिया गया। अगस्त 2019 में जब 370 को समाप्त कर दिया गया तब जम्मू कश्मीर के हालातो में तेजी से सुधार हुआ। अब जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन में शामिल नेशनल कांफ्रेंस की सरकार है। इस दल ने अपने चुनावी वादे के अनुसार के विधानसभा में 370 की बहाली वाला स्वीकृत करवा लिया है। यानी जो अनुच्छेद हिंदुओं के खिलाफ है उसी अनुच्छेद की बहाली इंडिया गठबंधन द्वारा करवाई जा रही है। इधर विधानसभा में प्रस्ताव स्वीकृत हुआ उधर झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव में 370 प्रमुख मुद्दा बन गया। अब इन दोनों राज्यों के हिंदू मतदाताओं को यह तय करना है कि क्या इंडिया गठबंधन के दलों के उम्मीदवारों को वोट दिया जाए? यदि महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन के दलों की सरकार बनती है तो फिर जम्मू कश्मीर में हिंदुओं खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की स्थिति और कमजोर हो होगी। 370 के हटने के बाद ही जम्मू कश्मीर में स एससी वर्ग खासकर वाल्मीकि समुदाय के लोगों को आरक्षण का लाभ मिलने लगा है। महाराष्ट्र और झारखंड के आदिवासी और एससी वर्ग के लिए भी चुनाव परिणाम बहुत महत्व रखते हैं। इन दोनों राज्यों के परिणाम जम्मू कश्मीर के हालातो पर भी असर डालेंगे। इसलिए इन राज्यों के हिंदू मतदाताओं को अपना वोट का उपयोग सोच विचार कर करना चाहिए। यदि इंडिया गठबंधन के दलों की जीत होती है तो फिर जम्मू कश्मीर में हिंदू और कमजोर होंगे।अफगानिस्तानरखता हूं सुनाओ से वार्ताभारत में रह रहे 25 करोड़ मुसलमान का ही दबाव है कि केंद्र सरकार को तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान से वार्ता करनी पड़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने चार और पांच नवंबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में वहां के रक्षा मंत्री मोहम्मद याकूब और विदेश मंत्री आमिर खान से मुलाकात की। अफगानिस्तान के मंत्रियों ने मानवीय दृष्टिकोण से मदद का आग्रह किया। वहीं भारत की ओर से व्यापार को बढ़ाने पर विमर्श हुआ। भारत ने यह वार्ता तब की है जब अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को अभी तक भी मान्यता नहीं दी गई है। आरोप लगाता रहा है कि हमारे जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान के माध्यम से अफगानिस्तान के कट्टरपंथी युवक सक्रिय है। हालांकि पाकिस्तान में अब तालिबान के लड़के ही बम विस्फोट कर रहे हैं। भारत सहित पाकिस्तान बांग्लादेश की हालातो के मद्देनजर अफगानिस्तान से वार्ता करना राजनीतिक दृष्टि से बहुत मायने रखता है। आम तौर पर उन देशों से वार्ता नहीं की जाए जानी चाहिए जिन्हें मान्यता न मिली हो। मालूम हो कि वर्ष 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था तब बड़ी मुश्किल से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया।

## बाकू सम्मेलन अमीर देशों की उदासीनता दूर कर पायेगा

दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। मिस्र में हुए कॉप 27 में नुकसान एवं क्षतिपूर्ति कोष की पहल हुई थी, लेकिन उसमें पर्याप्त योगदान न होने से उसकी उपयोगिता सीमित बनी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र का दो सप्ताह का जलवायु सम्मेलन कॉप–29 11 अक्टूबर सोमवार से अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू हो गया है। पर्यावरण से जुड़े इस महाकुंभ में भारत समेत लगभग 200 देश हिस्सा ले रहे हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों के लिए जलवायु वित्त का नया लक्ष्य तय करने, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान की वृद्धि को सीमित करने और विकासशील देशों के लिए समर्थन जुटाने पर सार्थक एवं परिणामकारी भी चर्चाएं होने की संभावनाएं हैं। साथ ही इसमें पेरिस समझौते के लक्ष्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर समूची दुनिया के देश चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं जलवायु वित्त पर विकसित देशों की जवाबदेही सुनिश्चित करने और ऊर्जा स्त्रोतों के समतापूर्ण परिवर्तन का लक्ष्य प्राप्त करना होंगी। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआइ) के विशेषज्ञ इस वर्ष के शिखर सम्मेलन से चार प्रमुख परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं– नया जलवायु वित्त लक्ष्य, मजबूत राष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं के प्रति तेजी, पिछले वादों पर ठोस प्रगति और नुकसान व क्षति के लिए अधिक धनराशि। विश्व में तापमान बढ़ोत्तरी, 'अल नीनो' व 'ला नीना' के प्रभावों के चलते मौसम की घटनाओं से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। इस बीच एक नए अध्ययन में पूर्वी यूरोप के 10 ऐसे देशों की पहचान की गई है, जो भविष्य में तापमान वृद्धि से सबसे अधिक आर्थिक नुकसान का सामना करेंगे। ऐसे में पूरी दुनिया की निगाहें जलवायु सम्मेलन कॉप–29 में होने वाली चर्चाओं, फैसलों और नतीजों पर टिकी हैं।कॉप–29 सम्मेलन को पर्यावरण समस्याओं, चुनौतियों एवं बदलते मौसम के मिजाज को संतुलित करने के लिये महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सम्मेलन से दुनिया ने उम्मीदें लगा रखी है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की राह में विकासशील देशों के सामने सबसे प्रमुख अवरोध वित्तीय संसाधनों का अभाव है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद विकसित देशों का योगदान आवश्यक स्तर से कम है। वर्ष 2022 में विकसित देशों ने 115.9 अरब डालर उपलब्ध कराए और पहली बार 100 अरब डालर के वार्षिक लक्ष्य का आंकड़ा पार हुआ। हालांकि यह अभी भी कम है, क्योंकि अगर विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े लक्ष्य हासिल करने हैं तो 2030 तक हर साल दो ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर राशि की आवश्यकता होगी। कर्ज का अंबार विकासशील देशों की राह में एक और बाधा बना हुआ है। तमाम विकासशील देश कर्ज के बोझ से ऐसे कराह रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए उनके पास संसाधन बहुत सीमित हो जाते हैं। इसीलिये जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया एक बार फिर बाकू सम्मेलन कॉप–29 में चर्चा का विषय बन रहा है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। मिस्र में हुए कॉप 27 में नुकसान एवं क्षतिपूर्ति कोष की पहल हुई थी, लेकिन उसमें पर्याप्त योगदान न होने से उसकी उपयोगिता सीमित बनी हुई है।

# नेपाल में भारतीय हिंदुओं की स्थितियां बहुत खराब

नेपाल एक समय हिंदू राष्ट्र था। दोनों देशों के लोगों के बीच रोटी, बेटी का संबंध था। जनकपुर धाम नेपाल में है, जिसे भगवान राम की ससुराल मानते हैं। पुराने मिथिला राज की राजधानी जनकपुर मानी जाती है। भारत के हजारों हिंदुओं का कारोबार नेपाल में है। सीमावर्ती शहरों का लगभग सारा कारोबार भारत के हिंदुओं के हाथ में है। नेपाल की 80 फीसदी आबादी हिंदू है। लेकिन पहले नीतिगत कारणों से भारतीय लोग नेपाली नागरिकों के निशाने पर आए और उसके बाद भारत के हिंदुओं को भी निशाना बनाया जाने लगा। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि भारत में हिंदू, मुस्लिम का विभाजन वहां भी पहुंच गया है। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच पिछले साल अक्टूबर में एक बड़ा विवाद हुआ था, जिसकी वजह से कई दिन तक उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे नेपालगंज के बांके शहर में कर्फ्यू लगा। असल में किसी व्यक्ति ने इंटरनेट पर इस्लाम के प्रति कोई आपत्तिजनक कंटेंट डाल दिया था। इसके विरोध में मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। अगले दिन हिंदुओं ने शांति जुलूस निकाला तो जुलूस के ऊपर हमला हो गया। जम कर पथराव हुआ और गोलियां चलीं। वीडियो वायरल हुआ, जिसमें हिंदू भगवा ध्वज लिए हुए भाग रहे हैं और उन पर पत्थरों की बौछार हो रही है।

नेपाल में भले 80 फीसदी आबादी हिंदुओं की है लेकिन वहां भारतीय हिंदुओं की स्थितियां बहुत खराब है। भारत के लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। भू राजनीतिक कारणों से नेपाल की एक के बाद एक सरकारों ने भारत के प्रति विद्वेष की नीति अपनाई है। सीमा विवाद को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है तो चीन की दखल की वजह से भी नेपाल में भारत विरोधी भावनाएं भड़की हैं। भारत के हिंदू, जो वहां कारोबार किसी तरह से अपने को बचाए हुए हैं वे कारोबार बंद करके भारत लौट रहे हैं।

पिछले साल दो हजार रुपए का नोट बंद किए जाने के बाद अचानक ऐसी स्थितियां बनीं, जिनसे भारतीयों, हिंदुओं को बड़ा नुकसान हुआ। नेपाल ने एकतरफा तरीके से भारतीय मुद्रा पर पाबंदी लगा दी। एक सौ रुपए से ऊपर के मूल्य की सारी मुद्राएं प्रतिबंधित कर दी गईं। सौ रुपए से ऊपर की खरीदारी पर नजर रखी जा रही है और टैक्स लगाया जा रहा है। भारतीय मुद्रा रुपए का नेपाली रूपए के मुकाबले तेजी से अवमूल्यित हो रहा है। भारत के कानून के मुताबिक कोई भारतीय नागरिक 25 हजार रुपए नकद लेकर नेपाल जा सकता है लेकिन नेपाल अब इस नियम को भी नहीं मान रहा है। 25 हजार रुपए नकद रखने पर नेपाल में गिरफ्तार किया जा सकता है। नेपाल के इस रवैए से सीमा के आसपास के लोगों का सैकड़ों करोड़ रुपए का प्रतिदिन का कारोबार प्रभावित हो रहा है। नवंबर 2016 की नोटबंदी के समय से ही ऐसी स्थिति बनी हुई है। दोनों देशों के बीच इसे लेकर बातचीत भी हुई, लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल सका। दूसरी ओर नेपाल के इस रवैए से तस्करी में बढ़ोतरी है। ड्रग्स और हथियारों से लेकर सोना और रोजमर्रा की जरुरत की चीजों की तस्करी हो रही है।

# गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने की अमेरिका की मांग पूरा करने में विफल रहा इजराइल सहायता समूह

यरुशलम । गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने की अमेरिका की मांग को पूरा करने में विफल रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पिछले महीने इजराइल से गाजा में अधिक खाद्य पदार्थ भेजने और अन्य आपातकालीन सहायता ''बढ़ाने'' का आह्वान किया था। इजराइल युद्ध प्रभावित गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने की अमेरिका की मांग को पूरा करने में विफल रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पिछले महीने इजराइल से गाजा में अधिक खाद्य पदार्थ भेजने और अन्य आपातकालीन सहायता ''बढ़ाने'' का आह्वान किया था और इसके लिए 30 दिन की समय सीमा दी थी जो मंगलवार को समाप्त हो रही है। प्रशासन ने इन मांगों को पूरा न कर पाने पर इजराइल को परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी। अमेरिका ने इजराइल को आगाह किया था कि उसे अगले 30 दिन के भीतर गाजा में मानवीय सहायता की मात्रा बढ़ानी होगी अन्यथा उसके लिए अमेरिकी हथियार तक पहुंच खत्म होने का जोखिम पैदा हो सकता है। इजराइल ने गाजा में स्थिति सुधारने के लिए कई कदम उठाने की घोषणा की है। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने हाल ही में यह संकेत दिया था कि इजराइल अभी भी पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि वे इसके खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे या नहीं।इजराइल के नये विदेश मंत्री गिदोन सार ने समय सीमा को अधिक तवज्जो नहीं



देते हुए सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्हें विश्वास है कि ''इस मुद्दे का समाधान हो जाएगा।'' आठ अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में अमेरिकी मांगों के अनुपालन के लिए 19 उपाय सूचीबद्ध किए गए। रिपोर्ट में बताया गया कि इजराइल 15 उपायों का पालन करने में विफल रहा है और उसने केवल चार का आंशिक रूप से ही अनुपालन किया। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन द्वारा हस्ताक्षरित 13 अक्टूबर के पत्र में इजराइल से कहा गया था कि वह प्रतिदिन कम से कम 350 ट्रक माल को गाजा में प्रवेश करने की अनुमति दे, घेराबंदी वाले क्षेत्र में पांचवां प्रवेश मार्ग खोले, तटीय तम्बू शिविरों में रहने वाले लोगों को सर्दियों से पहले अंदरूनी क्षेत्रों में जाने की अनुमति दे और बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में सहायता समूहों की पहुंच सुनिश्चित करे।

# जलवायु को लेकर अजरबैजान में महामंथन, इन पर फोकस भारत की रणनीति

कॉप 29 सम्मेलन में भारत की तरफ से पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 19 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस बैठक में भारत तीन उद्देश्यों पर फोकस करने वाला है। दुनिया की जलवायु में पिछले कुछ सालों से तेजी से बदलाव हुआ है। आज जीवन के हर पहलू पर जलवायु में हो रहे इन बदलावों का असर साफ तौर पर नजर आने लगी है। लोगों की सेहत भी इससे अछूती नहीं है। बात चाहे आपदाओं की वजह से जा रही जानों की करें या इसकी वजह से तेजी से पनपती बीमारियों की। दुनिया के हर हिस्से में तेजी से मौसम रंग बदल रहा है और लोगों की सेहत पर आघात कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य पर मंडराते हुए इस खतरे को और भी ज्यादा संजीदगी से लेने की जरूरत है। अजरबैजान के बाकू में जलवायु परिवर्तन को लेकर 12 दिन के कॉप 29 सम्मेलन की शुरुआत हुई है। भारत समेत दुनियाभर के वार्ताकार इस सम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं। ऐसे में डब्लयूएचओ ने तमाम देशों से जीवाश्म ईंधन से अपना नाता तोड़ने का आग्रह किया है। साथ ही सरकारों से आम लोगों को जलवायु में आते बदलावों का सामना करने के काबिल बनाने में मदद करने की वकालत की है। कॉप 29 सम्मेलन में भारत की तरफ से पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 19 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस बैठक में भारत तीन उद्देश्यों पर फोकस करने वाला है।इस बैठक में आमतौर पर देशों के



राष्ट्रपति और पीएम जाते है, लेकिन इस बार अलग–अलग कारणों से भारत, अमेरिका, चीन, फ्रांस, जर्मनी के प्रमुख इससे दूर रहेंगे। दुनिया में कार्बन डाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन करने वाले 13 शीर्ष देशों के राज्याध्यक्ष या शासनाध्यक्ष इस सम्मेलन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं जबकि पिछले साल इन देशों की ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक थी। सबसे बड़े प्रदूषक और सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाले चीन और अमेरिका अपने शीर्षस्थ प्रतिनिधियों को सम्मेलन में नहीं भेज रहे हैं। दुनिया की 42 प्रतिशत से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष चार देशों के शीर्ष नेता सम्मेलन को संबोधित करने के लिए नहीं आ रहे हैं। इस सम्मेलन में भारत 18 और 19 नवंबरको अपना पक्ष रखेगा।

# हिजबुल्लाह ने दागे 165 राकेट, कई लोग घायल, गाड़ियों में लगी आग

हिजबुल्लाह के ताजा हमले इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पहली बार स्वीकार किए जाने के कुछ घंटों बाद हुए कि सितंबर में हिजबुल्लाह नेताओं पर पेजर और वॉकी–टॉकी हमलों के पीछे इजरायल का हाथ था, जिसमें कम से कम 39 लोग मारे गए और 3,000 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा कि रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया।लेबनान की तरफ से उत्तरी इजरायल के हाइफा पर बड़ा रॉकेट हमला किया गया। इस हमलें में एक बच्चे सहित कुल सात लोग घायल हो गए। इन हमलों को इजराइल पर उसकी सेना द्वारा दक्षिणी



लेबनान पर आक्रमण करने के बाद से किए गए सबसे घातक हमलों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हिजबुल्लाह द्वारा उत्तरी इजराइल पर 165 से अधिक रॉकेट दागे गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर हमले की पुष्टि की। इसने एक वीडियो क्लिप पोस्ट की जिसमें कुछ कारें आग की लपटों में जलती हुई दिखाई दे रही हैं और कैप्शन लिखा है – उत्तरी इजरायल हमले के अधीन है। हम हिजबुल्लाह की आक्रामकता के खिलाफ अपने नागरिकों की रक्षा करना जारी रखेंगे। हिजबुल्लाह के ताजा हमले इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पहली बार स्वीकार किए जाने के कुछ घंटों बाद हुए कि सितंबर में हिजबुल्लाह नेताओं पर पेजर और वॉकी–टॉकी हमलों के पीछे इजरायल का हाथ था, जिसमें कम से कम 39 लोग मारे गए और 3,000 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा कि रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया। लेबनान और उत्तरी गाजा में इजरायली हमलों में बच्चों सहित दर्जनों लोगों की मौत हो गयी। हालांकि दुनिया भर की निगाहें इस बात पर टिकी हुई थीं कि अमेरिका में चुनाव ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों हमास और हिज्बुल्ला के खिलाफ जारी युद्ध को कैसे प्रभावित कर सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को हुए चुनाव के बाद से डोनाल्ड ट्रंप के साथ तीन बार बात की है। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने वाले हैं। लेबनान में इजरायली हवाई हमले में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिसमें बेरूत के उत्तर में अलमत गांव में सात बच्चे भी शामिल हैं।

# 4 दिनों के लिए निलंबित रहेंगी ट्रेन सेवाएं, क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम धमाके के बाद लिया गया फैसला

बुगती ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात के बाद बात की, जो स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए रविवार को क्वेटा गए थे। नकवी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अधिकारी आतंकवादियों को कुचलने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे और आतंकवाद के संकट से निपटने में स्थानीय बलूचिस्तान सरकार का समर्थन करेंगे। ट्रेन सेवाएं बलूचिस्तान की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा हैं। हर दिन सैकड़ों लोग क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों में आते–जाते हैं। रेलगाड़ियाँ भोजन और अन्य वस्तुओं का परिवहन भी करती हैं। पाकिस्तान के रेलवे ने अशांत दक्षिण–पश्चिमी प्रांत से आने–जाने वाली सभी ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दीं, जहां रेलवे स्टेशन पर आत्मघाती बम विस्फोट में सैनिकों और रेलवे कर्मचारियों सहित 27 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान रेलवे के एक बयान के अनुसार, सुरक्षा कारणों से ट्रेन सेवाएं चार दिनों के लिए निलंबित रहेंगी। अलगाववादी



बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा दावा किया गया हमला शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा शहर में स्टेशन पर हुआ। अधिकारियों ने कहा कि बमबारी में कम से कम 62 लोग घायल भी हुए हैं। प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के अनुसार, प्रांतीय सरकार ने भी पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए तीन दिन के शोक की घोषणा की और कहा कि सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अलगाववादियों के खिलाफ पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई गई है। बुगती ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात के बाद बात की, जो स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए रविवार को क्वेटा गए थे। नकवी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अधिकारी आतंकवादियों को कुचलने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे और आतंकवाद के संकट से निपटने में स्थानीय बलूचिस्तान सरकार का समर्थन करेंगे। ट्रेन सेवाएं बलूचिस्तान की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा हैं। हर दिन सैकड़ों लोग क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों में आते–जाते हैं। रेलगाड़ियाँ भोजन और अन्य वस्तुओं का परिवहन भी करती हैं। पुलिस ने कहा था कि शनिवार का हमला तब हुआ जब लगभग 100 यात्री रावलपिंडी के गैरीसन शहर के लिए क्वेटा स्टेशन से निकलने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। जिम्मेदारी के अपने दावे में अलगाववादी बीएलए ने कहा कि उसने पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बनाया।

# खालिस्तानियों की धमकी के बाद ब्रैम्पटन के मंदिरों ने रद्द किए कार्यक्रम, सुरक्षा देने में नाकाम कनाडा पुलिस

मंदिर के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि हमें ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर के भक्तों, सामुदायिक आगंतुकों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रद्द करने का उचित निर्णय लेना चाहिए। इसमें कहा गया है कि हमें गहरा दुख है कि कनाडाई अब कनाडा के हिंदू मंदिरों में आने में असुरक्षित महसूस करते हैं। मंदिर के अधिकारियों ने पील पुलिस को मंदिर के खिलाफ प्रसारित खतरों से निपटने और कनाडाई हिंदू समुदाय और आम जनता को सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए बुलाया।कनाडा में ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर ने एक कांसुलर कार्यक्रम रद्द कर दिया है। कनाडाई पुलिस ने उन्हें हिंसक विरोध प्रदर्शन के खतरे के स्तर की चेतावनी दी थी। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित जीवन प्रमाणपत्र कार्यक्रम 17 नवंबर को मंदिर परिसर में निर्धारित किया गया था। यह पेंशन उद्देश्यों के लिए



जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए वाणिज्य दूतावास के कई शिविरों का हिस्सा था। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि पील क्षेत्रीय पुलिस की आधिकारिक खुफिया जानकारी के कारण कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।मंदिर के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि हमें ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर के भक्तों, सामुदायिक आगंतुकों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रद्द करने का उचित निर्णय लेना चाहिए। इसमें कहा गया है कि हमें गहरा दुख है कि कनाडाई अब कनाडा के हिंदू मंदिरों में आने में असुरक्षित महसूस करते हैं। मंदिर के अधिकारियों ने पील पुलिस को मंदिर के खिलाफ प्रसारित खतरों से निपटने और कनाडाई हिंदू समुदाय और आम जनता को सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए बुलाया। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते खालिस्तानी झंडे लेकर प्रदर्शनकारी एक हिंदू सभा मंदिर में भक्तों से भिड़ गए और मंदिर अधिकारियों और ब्रैम्पटन में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा सह–आयोजित एक कार्यक्रम को बाधित कर दिया। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि कनाडाई सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अपने आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा संरक्षण प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद वह अपने कुछ निर्धारित कांसुलर शिविरों को रद्द कर रहा है।

# विदेश सचिव विक्रम मिस्री का कार्यकाल 2026 तक बढ़ा, इन पदों पर भी कर चुके हैं काम

15 जुलाई, 2024 को विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभालने वाले विक्रम मिस्री भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के कैरियर राजनयिक हैं। एक सरकारी अधिकारी के रूप में अपने व्यापक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया है। नई दिल्ली में अपने कार्यभार के दौरान, विशेष रूप से विदेश मंत्रालय में, उन्होंने पाकिस्तान डेस्क पर काम किया और पूर्व विदेश मंत्री आईके गुजराल और प्रणब मुखर्जी के स्टाफ का भी हिस्सा थे। केंद्र सरकार ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री का कार्यकाल बढ़ा दिया, जो इस साल 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। जारी एक अधिसूचना में केंद्र ने मिस्री की सेवाओं को 14 जुलाई, 2026 तक या अगले आदेश तक बढ़ाने की घोषणा की। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख से आगे 14 जुलाई, 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, एफआर के प्रावधानों के संदर्भ में विदेश सचिव के रूप में विक्रम मिस्री के विस्तार को मंजूरी दे दी। यह ध्यान रखना उचित है कि एफआर 56 (डी) के प्रावधान सार्वजनिक हित में सेवानिवृत्ति की तारीख से परे एक विदेश सचिव की सेवा के विस्तार की अनुमति देते हैं।15 जुलाई, 2024 को विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभालने वाले विक्रम मिस्री भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के कैरियर राजनयिक हैं। एक सरकारी अधिकारी के रूप में अपने व्यापक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया है। नई दिल्ली में



अपने कार्यभार के दौरान, विशेष रूप से विदेश मंत्रालय में, उन्होंने पाकिस्तान डेस्क पर काम किया और पूर्व विदेश मंत्री आईके गुजराल और प्रणब मुखर्जी के स्टाफ का भी हिस्सा थे। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी काम किया है और भारत के तीन प्रधानमंत्रियोंरू आईके गुजराल, डॉ. मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी के अधीन उनके निजी सचिव के रूप में काम किया है। अपने विदेशी कार्यभार में राजदूत मिश्री ने ब्रुसेल्स, ट्यूनिस, इस्लामाबाद और वाशिंगटन डी.सी. में सेवा की है।

वह श्रीलंका में भारत के उप उच्चायुक्त और म्यूनिख में भारत के महावाणिज्यदूत भी थे।

# भारत पर क्या बड़ा ऐलान करने वाला है फ्रांस ? कई देशों में हलचल

अभी तक भारत अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों को डिफेंस सॉफ्टवेयर या हथियारों के स्पेयर पार्ट्स बेचता था। मगर पहली बार फ्रांस जैसे देश को पूरा हथियार बेचने पर बात हो रही है। इस डील का भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट्स पर जबरदस्त असर पड़ सकता है। भारत के मित्र देश फ्रांस ने एक ऐसा दावा किया है जिसे सुनकर हरेक देशवासी खुशी से झूम उठेंगे। फ्रांस का दावा अगर सही है तो भारत पूरी दुनिया में तहलका मचा देगा। फ्रांस ने ऐलान किया है कि उसे भारत का मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर पिनारा पसंद आ गया है। फ्रांस ने कहा है कि वो पिनाका रॉकेट सिस्टम का मूल्यांकन कर रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो फ्रांस भारत का पिनाका रॉकेट लॉन्चर सिस्टम खरीद सकता है। ये खबर इतनी बड़ी है कि देश विदेश सभी जगह इसकी चर्चा हो रही है। अगर ये डील हो गई तो फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का पहला परमानेंट मेंबर होगा जो पूरी तरह से भारत में बने खतरनाक हथियार को खरीदेगा। आपको बता दें कि पिनाका रॉकेट सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। ये शुरुआत से लेकर अंत तक भारत में ही बना है। ऐसे में फ्रांस पहला ताकतवर विकसित देश हो सकता है जिसके हाथों में पिनाका रॉकेट सिस्टम होगा। भगवान शिव के धनुष पिनाक के नाम पर भारत के देसी पिनाका का नाम रखा गया। एक ऐसा मिसाइल सिस्टम जो पलक झपकते दुश्मन को खाक कर देगा। 44 सेकेंड में 12 रॉकेट दागेगा जिसके बाद सिर्फ धुंआ ही धुंआ नजर आएगा। भारत में स्वदेशी तौर पर विकसित की गई पिनाका रॉकेट सिस्टम के तीन वैरिएंट हैं। एमके–1, एमके–2, एमके–3 और तीनों के अलग–अलग वैरिएंट हैं। इसकी अधिकतम रेंज 120 किलोमीटर तक है। पलक झपकते ही ये अपने साथ पूरे 72 रॉकेट दाग देता है। इसे डीआरडीओ ने तैयार किया है। पहले वेरिएंट एमके–1 का रेंज 45 किलोमीटर तक है। दूसरे वैरिएंट एमके–2 की रेंज 90 किलोमीटर तक है। तीसरे और सबसे एडवान्सड वेरिएंट एमके–3 का रेंज 120 किलोमीटर तक है। अभी तक भारत अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों को डिफेंस सॉफ्टवेयर या हथियारों के स्पेयर पार्ट्स बेचता था।

# लड़कियों को अनैतिक संबंधों से बचाने की कोशिश, 9 साल में शादी! इराक में महिलाओं को लेकर हैरान कर देने वाला फैसला

अगर ये कानून लागू हो जाता है तो लड़कियों की शादी 9 साल में की जा सकेगी। इराक के इस नए कानून की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। साथ ही महिला समूह इसे महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन बता रहे हैं और नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन का कहना है कि यह कदम इस्लामी कानून की सख्त व्याख्या के अनुरूप है और इसका उद्देश्य युवा लड़कियों को अनैतिक संबंधों से बचाना है। इराक में कानूनन ज्यादातर मामलों में शादी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है। लेकिन, इराक की संसद विवादास्पद कानूनी बदलावों पर विचार कर रही है इराक में लड़कियो की शादी को लेकर एक नया कानून प्रस्तावित है। अगर ये कानून लागू हो जाता है तो लड़कियों की शादी 9 साल में की जा सकेगी। इराक के इस नए कानून की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। साथ ही महिला समूह इसे महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन बता रहे हैं और नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन का कहना है कि यह कदम इस्लामी कानून की सख्त व्याख्या के अनुरूप है और इसका उद्देश्य युवा लड़कियों को अनैतिक संबंधों से बचाना है।परिवर्तनों के लिए दबाव मुख्य रूप से धार्मिक नेताओं द्वारा समर्थित शक्तिशाली शिया मुस्लिम राजनीतिक गुटों से आता है, जिन्होंने पश्चिम द्वारा मुस्लिम–बहुल इराक पर अपने सांस्कृतिक मानदंडों को थोपने के खिलाफ तेजी से अभियान चलाया है। अप्रैल में, संसद ने स्ळठज्फ़ विरोधी एक कठोर कानून पारित किया। प्रस्तावित संशोधन इराकियों को विवाह सहित पारिवारिक कानून के मुद्दों पर धार्मिक अदालतों की ओर रुख करने की अनुमति देगा, जो वर्तमान में नागरिक अदालतों का एकमात्र क्षेत्र है। इससे मौलवियों को राष्ट्रीय कानूनों के विपरीत शरिया या इस्लामी कानून की अपनी व्याख्या के अनुसार शासन करने की अनुमति मिल जाएगी। कुछ मौलवी शरीयत की व्याख्या करते हुए इराक में कई शिया धार्मिक अधिकारियों द्वारा अपनाए जाने वाले इस्लामिक कानून के जाफरी स्कूल के तहत किशोरावस्था में या 9 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की शादी की अनुमति देते हैं। 1959 में पारित इराक के व्यक्तिगत स्थिति कानून को मोटे तौर पर महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाला एक मजबूत आधार माना जाता है। इसने कानूनी विवाह की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की है, हालांकि यह 15 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को माता–पिता की सहमति और चिकित्सीय प्रमाण के साथ शादी करने की अनुमति देता है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 13 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# पर्थ स्टेडियम में लगा लाकडाउन, टीम इंडिया करेगी सीक्रेट ट्रेनिंग



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में इस बार चार की जगह पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं और इस टेस्ट सीरीज का रिजल्ट ये फैसला करेगा की डब्ल्यूटीसी 2023–25 के फाइनल में भारत जगह बना पाएगा या नहीं। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप 2024–25 साइकल की सबसे अहम टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरु होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में इस बार चार की जगह पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं और इस टेस्ट सीरीज का रिजल्ट ये फैसला करेगा की डब्ल्यूटीसी 2023–25 के फाइनल में भारत जगह बना पाएगा या नहीं। टेस्ट सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है। पर्थ के पुराने टेस्ट वेन्यू ॅ।ह। यानी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन पर भारतीय टीम ने सीक्रेट ट्रेनिंग कैंप लगाया है। ॅ।ह। स्टेडियम के चारों तरफ नेट्स लगाए गए हैं और इसके पब्लिक के लिए बंद कर दिया गया है। विराट कोहली पर्थ पहुंचने वाले भारतीय टेस्ट टीम के पहले खिलाड़ी थे, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज शुरू होने से दो हफ्ते पहले ही पहुंच गए। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा का खेलना मुश्किल है। द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ॅ।ह। स्टेडिय इस समय लॉकडाउन में है, जो उस समय की याद दिलाता है जब ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम पर्थ पहुंची थी। इसकी बाउंड्री को नेट्स लगाकर ढक दिया गया था और पब्लिक के लिए इसे बंद कर दिया गया था और इसके अलावा स्टेडियम के कर्मचारियों को भी अंदर फोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं थी। भारत को ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली भारत ए टीम के खिलाफ प्रैक्टिस खेल खेलना था, जो पहले से ही ऑस्ट्रेलिाय ए के खिलाफ दो मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में थी। हालांकि, बीसीसीआई ने घरेलू टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीनस्वीप के बाद प्रैक्टिस मैच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच के रूप में ही खेलेंगे।

# प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी शमी की वापसी, मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच खेलेंगे



मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। कोलकाता । भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। उनका लक्ष्य बेंगलुरू में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़े रिहैबिलिटेशन के बाद मैच स्थिति में मैच फिटनेस साबित करना होगा। बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव नरेश ओझा ने बयान में कहा, ''भारतीय क्रिकेट टीम और बंगाल रणजी ट्रॉफी को स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे बंगाल के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने से मजबूती मिलेगी।'' ओझा ने कहा कि शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद भारत के थिंक टैंक की नजरें भी उनके प्रदर्शन पर टिकी होंगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए आकाश दीप, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे अनुभवहीन तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया है। मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और खलील अहमद भी रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल हैं लेकिन इन्हें भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का अधिक अनुभव नहीं है। शमी ने 2018–19 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट श्रृंखला में 2–1 की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 26.18 के औसत से 16 विकेट चटकाए थे।

# बीजीटी के लिए आस्ट्रेलियाई मीडिया ने किया टीम इंडिया का अनोखा स्वागत



केकेआर यानी कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से एक खबर सामने आई है दरअसल, केकेआर के नए कप्तान को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केकेआर के कप्तान को लेकर ऐसा नाम सामने आया है। जिस पर यकीन करना मुश्किल होगा। आईपीएल 2025 को लेकर कुछ ना कुछ खबरे सामने आती रहती हैं। अब केकेआर यानी कोलकाता नाइट राइघ्डर्स की तरफ से एक खबर सामने आई है दरअसल, केकेआर के नए कप्तान को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केकेआर के कप्तान को लेकर ऐसा नाम सामने आया है। जिस पर यकीन करना मुश्किल होगा। रिपोर्ट के अनुसार टीम के बेहतरीन बल्लेबाज रिंकू सिंह आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिंकू सिंह ही आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की जगह टीम की अगुवाई करेंगे। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने इस पर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। आईपीएल 2025 के लिए केकेआर ने आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह और हर्षित राणा को रिटेन किया है। केकेआर ने 4 कैप्ड खिलाड़ी और 2 अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किए हैं। 55 लाख रुपये वाले रिंकू सिंह को केकेआर ने आगामी सीजन के लिए 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वरुण चक्रवर्ती 12 करोड़ रुपये, सुनील नरेन 12 करोड़ रुपये, आंद्रे रसेल 12 करोड़ रुपये, हर्षित राणा 4 करोड़ रुपये और रमनदीप सिंह भी 4 करोड़ रुपये में रिटेन हुए हैं। केकेआर ने 120 करोड़ में से करीब 57 करोड़ रुपये 6 खिलाड़ी रिटेन करने में खर्च कर दिए हैं। अब केकेआर के पास आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 63 करोड़ रुपये होंगे। पहले ऐसा कहा जा रहा था कि केकेआर सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाना चाहती है, लेकिन सूर्या अब मुंबई में ही रहेंगे।

ऐसे में केकेआर को नए कप्तान की तलाश थी, अब खबर है कि केकेआर ने कप्तान के तौर पर रिंकू सिंह के नाम की मुहर लगा दी है। हालांकि, इसका आधिकारिक एलान नहीं हुआ है।

# चैंपियन्स ट्राफी 2025 के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे



मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चौंपियन्स ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। अफगानिस्तान की एकदिवसीय श्रृंखला में 2–1 से जीत के बाद 39 साल के नबी ने कहा कि वह पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। शारजाह । अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चौंपियन्स ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। सोमवार को यहां बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की एकदिवसीय श्रृंखला में 2–1 से जीत के बाद 39 साल के नबी ने कहा कि वह पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, ''पिछले विश्व कप से मेरे दिमाग में था कि मैं संन्यास ले रहा हूं लेकिन इसके बाद हमने चौंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर लिया और मैंने सोचा कि अगर मैं इसमें खेलता हूं तो शानदार होगा।'' नबी ने 2009 से 167 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 147 पारियों में 27.48 के औसत और 86.99 के स्ट्राइक रेट से 3,600 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 136 रन हैं। उन्होंने गेंदबाजी में 161 पारियों में 32.47 के औसत और 4.27 के इकोनॉमी रेट से 172 विकेट भी चटकाए हैं। उन्होंने चार बार पारी में चार विकेट और एक बार पांच विकेट हासिल किए हैं। पिछले साल विश्व कप में छठे स्थान पर रहकर अफगानिस्तान ने चौंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया। अफगानिस्तान की टीम पहली बार आठ टीम के इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में किया जाएगा।

# सेंचुरियन में टीम इंडिया सुधारेगी अपनी गलती! साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 के लिए बड़ा बदलाव संभव

भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में जीतते–जीतते हार गई। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया साउथ अफ्रीका को हरा देगी, लेकिन इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और गेराल्ड कोएट्जी ने भारत से मैच छीन लिया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में तीसरा टी20 मैच खेला जाएगा। फिलहाल चार मैचों की टी20 सीरीज में दोनों टीमें 1–1 से बराबरी पर हैं। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में जीतते–जीतते हार गई। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया साउथ अफ्रीका को हरा देगी, लेकिन इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और गेराल्ड कोएट्जी ने भारत से मैच छीन लिया। वहीं दोनों टीमों के लिए तीसरा टी20 बेहद अहम हो गया है, भारतीय टीम तीसरे टी20 मुकाबले में अपनी गलतियों को दोहराना नहीं चाहेगी। आईपीएल के हीरो अभिषेक शर्मा इंटरनेशनल लेवल पर लगातार फ्लॉप हो रहे हैं। अब तक इस सीरीज के दोनों मैचों में अभिषेक शर्मा ने निराश किया है। पहले मुकाबले में अभिषेक शर्मा महज 7 रन ही बना पाए थे। इसके बाद दूसरे में वह 4 रन पर आउट हो गए। हालांकि, तीसरे टी20 मैच में भी उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। अगर ऐसा हुआ तो उन्हें अपनी फॉर्म में लौटना होगा और खुद को साबित भी करना होगा। भारतीय टीम के लिए अक्षर पटेल, रिंकू सिंह और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया। हालांकि, तिलक वर्मा को शुरुआत जरूर अच्छी मिली है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को भुनाने में नाकाम रहे हैं।

# बीजीटी के लिए आस्ट्रेलियाई मीडिया ने अखबारों में दी विराट कोहली को स्पेशल जगह




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज हो रहा है। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने में तकरीबन 10 दिन का वक्त बचा हुआ है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मीडिया में विराट कोहली का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। ऑस्ट्रेलिया के कई अखबारों ने विराट कोहली की तस्वीर पहले पन्ने पर लगाए हैं।22 नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का आगाज हो रहा है। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने में तकरीबन 10 दिन का वक्त बचा हुआ है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मीडिया में विराट कोहली का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। ऑस्ट्रेलिया के कई अखबारों ने विराट कोहली की तस्वीर पहले पन्ने पर लगाए हैं। इसके अलावा कई अखबारों में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पहले पन्ने पर दिखाया गया है। साथ ही इन तस्वीरों की खास बात ये है कि अंग्रेजी के अलावा यहां हिन्दी और पंजाबी भाषा का इस्तेमाल हुआ है। विराट कोहली की तस्वीर को अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से दिखाया गया है। इसके अलावा इन अखबारों ने यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को पहले पन्ने पर छापा है। साथ ही हिन्दी में लिखा है कि युगों की लड़ाई... वहीं यशस्वी जायसवाल के फोटो के साथ पंजाबी में लिखा है कि नवम राजा यानी कि नाया राजा। सोशल मीडिया पर ऑस्ट्रेलियाई अखबारों की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई अखबारों में भारतीय खिलाड़ियों की पहले पन्ने पर तस्वीरें और हिन्दी के इस्तेमाल के बाद स्थानीय जर्नलिस्ट भी हैरान हैं। वहीं पाकिस्तान के वनडे और टी20 कोच जेसन गिलेस्पी ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया पर भड़ास निकाली थी। गिलेस्पी का कहना था कि, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच टी20 मुकाबला खेला जा रहा है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मीडिया पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज के बजाय बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी पर ज्यादा फोकस कर रही है जबकि च।ज्ञ अे ।ि सीरीज को जगह तक नहीं दी गई है।

# सिर्फ मूड ही नहीं सुधारती आइसक्रीम, शरीर और दिमाग पर डालती है खास असर



आइसक्रीम का नाम सुनते किसी का भी खाने का मन कर जाए. भूख लगी हो या न लगी हो, आइसक्रीम खाने निकल पड़ते हैं. सर्दी, गर्मी, बरसात, आइसक्रीम हर सीजन में पसंद की जाती है. हालांकि, आम धारणा यह भी है कि यह सेहत के लिए ठीक नहीं होती है, क्योंकि इसमें शुगर, फ्लेवर, कलर जैसी चीजें मिलाई जाती है, जो कई बीमारियों का कारण बन सकती है.हालांकि, हाल ही की कुछ रिसर्च में ये बात पता चली कि आइसक्रीम का हमारी हेल्थ पर अच्छा असर डाल सकती है. द अटलांटिक मैग्जीन ने द आइसक्रीम कॉन्सिपरेसी में बताया कि सालों खाने से कई बीमारियां दूर हो सकती है. यह सिर्फ मूड ही नहीं सुधारती, बल्कि शरीर और दिमाग पर भी खास असर डालती है.आइस्क्रीम के फायदेमेंटल हेल्थ को बूस्ट करती है एक कप आइसक्रीम ही मिजाज बदल सकती है. जब भी अच्छा फील न हो, स्ट्रेस समझ आए तो आइस्क्रीम खा सकते हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आइसक्रीम नेचुरल कूलिंग एजेंट की तरह होता है, जो पेन रिलीफ और स्ट्रेस को दूर करने का काम करता है. इसके साथ ही दूध में ट्रिप्टोफन होता है जो कि ब्रेन में हैप्पी हॉर्मोन सेरोटोनिन रिलीज कर अच्छा बनाता है.दिमाग को रखे दुरुस्तलंदन के इंस्टीट्यूट ऑफ साइक्रियाट्री की 2021 की रिसर्च में पाया गया कि आइसक्रीम (ढ्ढष्द्ग ष्ह्म्द्गड्डद्व) खाने के बाद दिमाग एक्टिव हो जाता है और प्रतिक्रिया देने लगता है. आइसक्रीम खाने से दिमाग का ऑर्बिटोफ्रंटल कॉर्टेक्स तेज हो जाता है, जो निर्णय लेने का काम करता है. मतलब आइस्क्रीम मूड को सुधारती है. आइसक्रीम में मौजूद कैल्शियम और मैग्नीशियम हमारे शरीर में तनाव को कम करने में मदद करते हैं. इससे अच्छी रहती है. आइसक्रीम कई बीमारियों का खतरा कम कर सकता है.पाचन तंत्र को सुधारती है

आइसक्रीम में मौजूद प्रोबायोटिक्स हमारे पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करते हैं. इससे हमारा पेट स्वस्थ रहता है. हालांकि, कुछ कंडीशन में आइसक्रीम खाने से बचना भी चाहिए, क्योंकि फायदों के साथ कई बीमारियों में इसे खाने से नुकसान भी उठाना पड़ सकता है.

# क्या हवा में मौजूद बदबू भी दूर कर सकते हैं एयर प्यूरीफायर, जानें इनका क्या होता है काम ?



दिवाली और ठंड के साथ प्रदूषण ने भी दस्तक दे दी है. देश के कई शहरों की हवा का एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ गया है. हवा जहरीली होने से गले में खराश, एलर्जी, जुकाम, अस्थमा और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी है. हेल्दी लोगों में भी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. ऐसे में एयर प्यूरिफायर की डिमांड बढ़ गई है, ताकि खराब हवा साफ हो सके और खुलकर सांस ले सकें. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एयर प्यूरिफायर हवा में मौजूद बदबू भी दूर कर करता है, इसका क्या काम होता है...

देश के कई शहरों की हवा का एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ गया है. हवा जहरीली होने से गले में खराश, एलर्जी, जुकाम, अस्थमा और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ने लगी है. हेल्दी लोगों में भी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. ऐसे में एयर प्यूरिफायर की डिमांड बढ़ गई है, ताकि खराब हवा साफ हो सके और खुलकर सांस ले सकें. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या एयर प्यूरिफायर हवा में मौजूद बदबू भी दूर कर करता है, इसका क्या काम होता है...

एयर प्यूरिफायर में अलग–अलग तरह के फिल्टर

1. हेपा फिल्टर – यह फिल्टर हवा में मौजूद 99.97 प्रतिशत हानिकारक तत्वों को हटाता है.

2. एक्टिव कार्बन फिल्टर – यह फिल्टर हवा में मौजूद बदबू और गैसों को हटाने में मदद करता है.

3. आयनाइजेशन – यह तकनीक हवा में मौजूद हानिकारक तत्वों को हटाने के लिए आयनों का इस्तेमाल करती है.

4. यूवी लाइट – यह तकनीक हवा में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को मारने के लिए यूवी लाइट का उपयोग करती है.

एयर प्यूरीफायर के फायदे

1. हवा में मौजूद बदबू को दूर करना.

2. एलर्जी और अस्थमा के लक्षणों को कम करना.

3. हवा में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को मारता है.

4. सेहत को कई तरह के नुकसान पहुंचाता है.5. घर में साफ हवा का लेवल बढ़ता है.

एयर प्यूरीफायर कितनी तरह का होता है

रूम एयर प्यूरीफायर

पोर्टेबल एयर प्यूरीफायर

सेंट्रल एयर प्यूरीफायर

विंडो एयर प्यूरीफायर

एयर प्यूरीफायर की खरीदारी के टिप्स

1. अपने घर और जरूरतों के अनुसार एयर प्यूरीफायर चुनें.

2. एयर प्यूरीफायर की फिल्टर क्षमता और बदलने की जरूरत रखें.

3. एयर प्यूरीफायर की शोर क्षमता और एनर्जी खपत पर ध्यान दें. 4. एयर प्यूरीफायर की वारंटी और सर्विस को देखें.

# पुष्पा द रूल से अल्लू अर्जुन की नई झलक आई सामने, ट्रेलर रिलीज डेट से भी पर्दा

पुष्पा 2 रू द रूल के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान हो गया है. पुष्पा 2 रू द रूल के मेकर्स ने आज ही फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट पर बड़ा अपडेट दिया था. अपने वादे के मुताबिक पुष्पा 2 रू द रूल के मेकर्स मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. इसी के साथ अल्लू अर्जुन के फैंस को पुष्पा 2 रू द रूल के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान होते ही बड़ा सुकून मिला है.अब अल्लू अर्जुन के फैंस को पुष्पा 2 रू द रूल के ट्रेलर का इंतजार है. पुष्पा 2 रू द रूल साल 2024 की सबसे बड़ी फिल्म है, जिसका भारत के कोने–कोने में इंतजार किया जा रहा है. पुष्पा 2 रू द रूल वर्ल्डवाइड रिलीज होगी, जिसकी प्रमोशन का काम शुरू हो चुका है.पुष्पा 2 रू द रूल के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. पुष्पा 2 रू द रूल का ट्रेलर पटना में शाम 6.03 बजे 17 नवंबर को रिलीज होगा. मेकर्स ने अपने पोस्ट में लिखा है, सिनेमा में मास फेस्टिवल शुरू होने से पहले फिल्म से एक एक्सप्लोसिव अपडेट शेयर किया है, पुष्पा 2 रू द रूल के ट्रेलर का मास एक्सपीरियंस 17 नवंबर को शाम 5 बजे लीजिए, जो पटना से रिलीज होगा. अब सोशल मीडिया पर फिल्म पुष्पा 2 के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान होते ही हल्ला मचा गया है. अब एक्स हैंडल पर लोग पुष्पा 2 के ट्रेलर की रिलीज डेट को जमकर शेयर कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं. एक्स हैंडल पर पुष्पा 2 रू द रूल ट्रेलर वायरल हो रहा है.बता दें, पुष्पा 2 की वर्ल्डवाइड रिलीजिंग में कुछ ही दिन बचे हैं. दिन ब दिन पुष्पा 2 के रिलीज होने के दिन नजदीक आ रहे हैं. पुष्पा 2 आगामी 5 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, सौरभ सचदेवा, ब्रह्मा और फहाद फासिल स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है.



## विनीत कुमार सिंह की फिल्म मैच फिक्सिंग का ट्रेलर जारी, 15 नवंबर को रिलीज हो रही फिल्म

आगामी फिल्म मैच फिक्सिंग के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया है। कंवर खटाना की द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर पर आधारित इस फिल्म में विनीत कुमार सिंह, अनुजा साठे और मनोज जोशी मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर में एक मनोरंजक कहानी की झलक के साथ बताया गया है कि कैसे कुछ राजनीतिक हस्तियों ने कथित तौर पर पाकिस्तान की आईएसआई के साथ मिलकर हिंदू आतंकवाद के इर्द–गिर्द एक कहानी गढ़ी, जिसे आमतौर पर सैफरन टेरर के रूप में जाना जाता है।

फिल्म राजनीति की अंधेरी दुनिया को उजागर करती है, जिसमें धोखा, हेरफेर और अंतरराष्ट्रीय साजिश को दिखाया गया है। फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। विनीत गैंग्स ऑफ वासेपुर के साथ मुक्काबाज में भी शानदार काम कर चुके हैं।

विनीत कुमार सिंह ने खुलासा किया कि मैच फिक्सिंग में उनका एक बड़ा सपना पूरा हो गया। फिल्म में वह सेना अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे।

उन्होंने बताया कि जब मैंने मैच फिक्सिंग की कहानी सुनी तो मुझे कहानी पसंद आ गई और मैंने तुरंत हां कर दी। मैं हमेशा से एक आर्मी मैन की भूमिका निभाना चाहता था

# भूल भुलैया 3 बनी कार्तिक आर्यन की पहली 200 करोड़ी फिल्म, 10वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

भूल भुलैया 3 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है. फिल्म की कमाई रोज नए रिकॉर्ड बना रही है. ऐसी खबरें हैं कि शनिवार को फिल्म की कमाई में शानदार बढ़त देखने की मिली है जो कि रविवार को भी जारी रही. वहीं अपनी रिलीज के दसवें दिन यानी रविवार को भी फिल्म मजबूती से बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है. ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है.

भूल भुलैया 3 ने शनिवार को 17.40 करोड़ की कमाई के साथ अब तक कुल 198.66 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है. सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने 10वें दिन 10रू05 बजे तक 16.37 करोड़ कमा लिए हैं. फिल्म की टोटल कमाई 215.03 करोड़ हो चुकी है.ऐसी चर्चा है कि दिवाली का हफ्ता बीतने के बाद भूल भुलैया की कमाई में शानदार वापसी हुई है. फिल्म ट्रेडर्स ऐसी उम्मीद कर रहे हैं कि भूल भुलैया 3 अजय देवगन की सिंघम को जल्द ही पीछे छोड़ सकती है. आने वाले दिनों में अगर भूल भुलैया 3 की कमाई की रफ्तार यही रही तो रोहित शेट्टी की फिल्म कमाई के मामले में पिछड़ सकती है.ऐसी चर्चा है कि दिवाली का हफ्ता बीतने के बाद भूल भुलैया की कमाई में शानदार वापसी हुई है. फिल्म ट्रेडर्स ऐसी उम्मीद कर रहे हैं कि भूल भुलैया 3 अजय देवगन की सिंघम को जल्द ही पीछे छोड़ सकती है. आने वाले दिनों में अगर भूल भुलैया 3 की कमाई की रफ्तार यही रही तो रोहित शेट्टी की फिल्म कमाई के मामले में पिछड़ सकती है.फिल्म को सबसे ज्यादा बढ़त नॉर्थ इंडिया में मिल रही है. खासकर एनसीआर और ईस्ट पंजाब में फिल्म की कमाई करीब–करीब डबल हो गई है. महाराष्ट्र में फिल्म ने कमाई के मामले में सिंघम अगेन को पीछे छोड़ दिया है. गुजरात में ही सिर्फ दोनों फिल्मों के बीच गैप बना हुआ है, जबकि मुंबई और आसपास दोनों फिल्मों की कमाई करीब–करीब एक है.बता दें कि अनीस बजमी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म कार्तिक आर्यन की इस सीरीज की दूसरी फिल्म है. पहली बार भूल भुलैया 2007 में बनी थी जिसमें विद्या बालन के अलावा अक्षय कुमार थे. फिर भूल भुलैया 2 बनी जो कि 2022 में रिलीज हुई. इस फिल्म में कार्तिक आर्यन थे. भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी जैसे स्टार्स हैं. भूल भुलैया 3 दीवाली के मौके पर सिंघम अगेन के साथ रिलीज हुई थी.



# पिंक साड़ी पहन राशि खन्ना ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज, किलर फोटोज पर टिकीं फैंस की निगाहें



साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना राशि खन्ना हमेशा अपने परफेक्ट फैशन सेंस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालिया फोटोशूट में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।बी–टाउन की खूबसूरत हसीना राशि खन्ना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि लुक्स से भी लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस राशि खन्ना ने गुलाबी साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो बेहद ही सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों की हाई पोनीटेल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।राशि खन्ना अक्सर अपनी अदाओं से फैंस को इस कदर रिझाती हैं कि लोग उनके लुक्स पर से नजरें नहीं हटा पाते। उनका स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

## रूपाली गांगूली अपनी सौतेली बेटी के खिलाफ दायर किया 50 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा, जानें पूरा केस क्या है?

अनुपमा स्टार रूपाली गांगुली ने अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। ईशा वर्मा ने हाल ही में रूपाली गांगुली पर गंभीर आरोप लगाए थे और उन्हें परिवार तोड़ने वाली औरत कहा था। अनुपमा स्टार रूपाली गांगुली ने अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। ईशा वर्मा ने हाल ही में रूपाली गांगुली पर गंभीर आरोप लगाए थे और उन्हें परिवार तोड़ने वाली औरत कहा था। रूपाली गांगुली की सौतेली बेटी ने अपनी हालिया पोस्ट में दावा किया था कि रूपाली गांगुली की वजह से उनके मां–बाप अलग हो गये। उनके माता–पिता की शादी टूट गयी। रूपाली के पति अश्विन के वर्मा की दूसरी शादी से पैदा हुई बेटी ईशा ने आरोप लगाया कि रूपाली ने उन्हें और उनकी मां को "मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से" प्रताड़ित किया। हिट टीवी सीरीज अनुपमा में अपनी मुख्य भूमिका के लिए जानी जाने वाली गांगुली पहले इस मामले पर चुप रही थीं, लेकिन अब उन्होंने आरोपों का सीधा जवाब देने का फैसला किया है। 11 नवंबर को गांगुली ने अपने कानूनी प्रतिनिधि, सेलिब्रिटी वकील सना रईस खान की मदद से मुकदमा दायर किया, जो बिग बॉस 17 की प्रतियोगी भी थीं। मुकदमे में 50 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की गई है, जिसमें कहा गया है कि ईशा के सार्वजनिक दावों ने गांगुली की व्यक्तिगत और पेशेवर प्रतिष्ठा को गलत तरीके से धूमिल किया है। खान की कानूनी टीम के अनुसार, कानूनी कार्रवाई करने का गांगुली का फैसला ईशा की अपनी 11 वर्षीय बेटे रुद्रांश से जुड़ी टिप्पणियों से प्रभावित था, जिसे अभिनेत्री ने अस्वीकार्य पाया। आधिकारिक बयान में, सना रईस खान की टीम ने कानूनी कदम के पीछे के कारणों को समझाया। "हमने उनकी सौतेली बेटी को मानहानि का नोटिस जारी किया है रूपाली गांगुली अपने झूठे और नुकसानदायक बयानों के जवाब में प्रचार के लिए बदनामी करने वाले हथकंडों के इस्तेमाल के खिलाफ खड़ी हैं और उन्होंने निराधार दावों से अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए यह कानूनी कदम उठाया है। इन निराधार आरोपों का स्पष्ट रूप से रूपाली गांगुली की

# सूर्या और बाबी देओल की कंगुवा का एक और ट्रेलर हुआ रिलीज, धांसू एक्शन देख आडियंस हिल जाएगी

सिनेमाघरों में इन दिनों अजय देवगन की सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 धमाल मचा रही हैं. हालांकि अब इन दोनों फिल्मों की छुट्टी करने के लिए सूर्या और बॉबी देओल की श्कंगुवाश आ रही है. हाल ही में इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर रिलीज किया गया है जिसमें सूर्या और बॉबी देओल का धांसू एक्शन देख आपका दिमाग हिल जाएगा. चलिए यहां श्कंगुवाश की स्टार कास्ट, बजट से लेकर रिलीज डेट तक सबकुछ जानते हैं.सूर्या और बॉबी देओल स्टारर कंगुवा साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. इस अपकमिंग फिल्म के पोस्टर और अब रिलीज किए गए दूसरे ट्रेलर ने श्कंगुवाश को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पीक पर पहुंचा दी है. दूसरे ट्रेलर में सूर्या और बॉबी देओल होश उड़ा देने वाले लुक में नजर आ रहे हैं.ट्रेलर में सूर्या दो अलग–अलग टाइमलाइन में नजर आते हैं. एक में वह मॉडर्न युग में स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं जबकि दूसरे में वह अतीत में दुश्मनों से लड़ते हुए एक क्रूर योद्धा के रूप में दिखाई दे रहे है. ट्रेलर में बॉबी देओल भी खतरनाक अवतार में दिख रहे हैं. ओवरऑल श्कंगुवाश का ट्रेलर दिमाग हिला देने वाला है. तमिल पीरियड ड्रामा फिल्म कंगुवा को साल की सबसे बड़ी और महंगी फिल्मों में से एक बताया जा रहा है. इस फिल्म का बजट 350 करोड़ से ज्यादा का बताया जा रहा है. इसके साथ ही बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग कई देशों और भारत में कई महाद्वीपों पर की गई है. कंगुवा की स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में सूर्या और बॉबी देओल के अलावा दिशा पटानी,

नटराजन सुब्रमण्यम, जगपति बाबू, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला आनंदराज, मारीमुथु, दीपा वेंकट, रवि राघवेंद्र और केएस रविवार कुमार ने अहम रोल प्ले किया है.श्कंगुवाश्की स्टार कास्ट की फीस की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म से सबसे मोटी रकम सूर्या ने वसूली है. रिपोर्ट्स के मुताबिक सूर्या ने फिल्म से 39 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं और उनका फिल्म के प्रॉफिट शेयरिंग में भी हिस्सा बताया जा रहा है. वहीं बॉबी देओल की फीस काफी कम बताई जा रही है. उन्हें फिल्म में उधिरन के रोल के लिए मह 5 करोड़ रुपये बतौर फीस मिली है. जबकि दिशा पटानी की फीस 3 करोड़ रुपये बताई जा रही है. कंगुवा के पोस्टर और ट्रेलर की रिलीज के बाद फैंस अब इस फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं. वैसे बता दें कि श्कंगुवाश इस 14 नवंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है. ये दुनियाभर में 10 भाषाओं में रिलीज होगी.



# फ्रीडम एट मिडनाइट सीरीज का ट्रेलर हुआ रिलीज, भारत की आजादी के अंतिम क्षणों की कहानी कहता है वेब सीरीज

देशभक्ति से भरी एक नई वेब सीरीज आने वाली है जिसका मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज कर दिया है. आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट का ट्रेलर सामने आया है. यह भारत की स्वतंत्रता के अंतिम क्षणों में क्या हुआ इसकी एक झलक दिखाता है. यह सीरीज ऐतिहासिक कहानी कहने का दावा करती है.फ्रीडम एट मिडनाइट के ट्रेलर की शुरुआत ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली द्वारा भारत की स्वतंत्रता की घोषणा से होती है. इसके बाद जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और पाकिस्तान के पूर्व गवर्नर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना जैसी शख्सियतें कैसे भविष्य को लेकर उधेड़बुन में उलझी रहती हैं इसे दिखाने की कोशिश की गई है.इसके बाद इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे जिन्ना की ओर से एक अलग देश पाकिस्तान के निर्माण की मांग उठती है. तो दूसरी तरफ ब्रिटिश अधिकारी भारत को आजाद करने और भारत–पाकिस्तान को बांटने की रणनीति बना रहे हैं.वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता ने जवाहरलाल नेहरू, चिराग वोहरा ने महात्मा गांधी, राजेंद्र चावला ने सरदार वल्लभभाई पटेल, आरिफ जकारिया ने मोहम्मद अली जिन्ना, इरा दुबे ने फातिमा जिन्ना, मलिष्का मेंडोंसा ने सरोजिनी नायडू, राजेश कुमार ने लियाकत अली खान, केसी शंकर ने वीपी मेनन, ल्यूक मैकगिबनी ने लॉर्ड लुईस माउंटबेटन, कॉर्डेलिया बुगेजा ने लेडी एडविना माउंटबेटन, एलिस्टेयर फिनले ने आर्चीबाल्ड वेवेल, एंड्रयू कुल्लुम ने क्लेमेंट एटली, रिचर्ड टेवरसन ने सिरिल रैडक्लिफ के किरदार अदा किए हैं.फ्रीडम एट मिडनाइट के प्रोडक्शन हाउस की बात करें तो इसे स्टूडियो नेक्स्ट के सहयोग से एम्मे एंटरटेनमेंट ने बनाया है. वहीं इसके डायरेक्टर निखिल आडवाणी है यह सीरीज लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपियर की इसी नाम की किताब पर आधारित है. फ्रीडम एट मिडनाइट 15 नवंबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होने वाली है।

## सिंघम अगेन ने दूसरे संडे मचाया धमाल, 200 करोड़ का आंकड़ा किया पार

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की लेटेस्ट रिलीज फिल्म शसिंघम अगेन इस दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस एक्शन थ्रिलर को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है. हालांकि बंपर ओपनिंग के बाद वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई और ये सिंगल डिजिट में भी सिमट गई थी लेकिन दूसरे वीकेंड पर सिंघम अगेन ने फिर से रफ्तार पकड़ ली और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. चलिए यहां जानते हैं सिंघम अगेनश ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?

सिंघम अगेन रिलीज से पहले ही काफी हाईप क्रिएट किए हुए थी. दरअसल फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे दिग्गज सितारों को एक साथ स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड थे और फिल्म में सलमान खान के कैमियो को लेकर भी काफी चर्चा थी. इस बज के चलते सिंघम अगेन ने रिलीज के पहले दिन बंपर कमाई की थी. वहीं ओपनिंग वीकेंड पर फिल्म 100 करोड़ के पार हो गई थी लेकिन वीकडेज में फिल्म के कलेक्शन का ग्राफ काफी नीचे भी आ गया था. हालांकि दूसरे वीकेंड पर सिंघम अगेन ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया है.फिल्म की अब तक की कमाई की बात करें तो 43.5 करोड़ से खाता खोलने वाली शसिंघम अगेनश ने पहले हफ्ते में 173 करोड़ का कारोबार किया था. वहीं दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 8 करोड़ और दूसरे शनिवार 12. 25 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक सिंघम अगेन ने रिलीज के 10वें दिन यानी 13वें दिन 13.25 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ सिंघम अगेन की 10 दिनों की कुल कमाई अब 206 करोड़ रुपये हो गई है. सिंघम अगेनश ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10 दिनों में 206 करोड़ कमा लिए हैं. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म का कलेक्शन 295 करोड़ के करीब हो गया है. गौरतलब है कि बंपर कमाई करने के बाद भी 350 करोड़ के मोटे बजट में बनी ये फिल्म अपनी लागत वसूलने से अभी काफी दूर है.

अब देखने वाली बात होगी कि ये फिल्म दूसरे हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करती है. अगर फिल्म ने दूसरे हफ्ते में अच्छी कमाई नहीं की तो ये मेकर्स के लिए घाटे का सौदा भी साबित हो सकता है.



# राकस्टार ने हमेशा के लिए बदल दी अभिनेत्री संजना सांघी की जिंदगी

फिल्म इंडस्ट्री की क्यूट और खूबसूरत अभिनेत्री संजना सांघी खास अंदाज में शरॉकस्टारश की एनिवर्सरी को सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर कर अपने दिल की बात कही है।

संजना सांघी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म शरॉकस्टारश का एक पोस्टर शेयर किया। अभिनेत्री के द्वारा शेयर किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा हमारी 11 नवंबर 2011 सालगिरह। वह दिन जिसने मेरी जिंदगी की दिशा हमेशा के लिए बदल दी। 13 साल बाद में मुंबई में अपने घर में सुबह की चाय पीते हुए, अपने लिविंग रूम में शरॉकस्टारश की रिलीज के दिन से इस शानदार फर्स्ट



प्रिंट पोस्टर को देख रही हूं। अभिनेत्री ने आगे लिखा छोटी मैंडी शायद कभी खुद के लिए इसकी कल्पना नहीं कर पाई होगी। शरॉकस्टारश और सबसे कीमती लोगों और यादों के लिए जो इसने मुझे हमेशा के लिए दिए हैं थैंक्यू। अभिनेत्री ने निर्देशक इम्तियाज अली, एआर रहमान, रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी को टैग करने के साथ रॉकस्टार एनिवर्सरी लिखा।

बता दें कि संजना सांघी ने साल 2011 में रिलीज हुई इम्तियाज अली की रोमांटिक–ड्रामा फिल्म रॉकस्टार के साथ अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

उस वक्त संजना की उम्र 14 वर्ष थी। फिल्म में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट का रोल प्ले किया था। इसके बाद अभिनेत्री ने श्फकुरे रिटर्न्सश और शहिंदी मीडियमश में काम किया। संजना सांघी 2018 में आई फिल्म शदिल बेचाराश में नजर आई थीं। श्द फॉल्ट इन आवर स्टार्सश के रूपांतरण फिल्म में संजना के साथ दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में थे।

रॉकस्टार साल 2011 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म है, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार मिला। म्यूजिकल–रोमांटिक ड्रामा फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया। फिल्म में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी के साथ पीयूष मिश्रा, अदिति राव हैदरी भी अहम भूमिका में थे। फिल्म के संगीत को एआर रहमान ने तैयार किया था।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 13 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# काला नमक भवन का जिलाधिकारी द्वारा किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा काला नमक भवन का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा काला नमक भवन को देखा गया। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देष दिया कि काला नमक भवन के गेट व अन्य कार्यो हेतु बजट आवंटन के लिए शासन को पत्र लिखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल व अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।



# लोक अदालत को लेकर निर्धारित मानदेय पर सेवानिवृत कर्मचारीयो के रखे जाने को लेकर आदेश

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1324६ एसएलएसए–23–2016 दिनांकित 07 सितम्बर 2020 के साथ सलग्नक उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 02६2018६ 661ध्सात–न्याय–7–2018–47६ 2002 दिनांकित 30 जनवरी 2018 के द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में गठित स्थायी लोक अदालत के लिए निर्धारित मानदेय रू. 9,000६– प्रतिमाह पर एक पेशकार एवं निर्धारित मानदेय रू. 9,000६– प्रतिमाह पर एक आशुलिपिक ग्रेड–2 तथा निर्धारित मानदेय रू. 7000६ – प्रतिमाह पर एक चपरासी के पदों पर माननीय जनपद न्यायाधीश ६ अध्यक्ष महोदय से प्राप्त निर्देश दिनांक 08.11.2024 के कम में नियुक्ति की जानी है इस संबंध में जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत कर्मी अर्ह है, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अहं आवेदकों से दिनांक 30.11.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है आवेदन पत्र अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते है अथवा सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के कार्यालय में कार्यदिवस में प्राप्त कराये जा सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा नियुक्त होने वाले कर्मचारियों का कार्यकाल अधिकतम 02 वर्ष का होगा एवं मानदेय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ६ राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अधीन होगा। इसकी जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए डी आर सेंटर दीवानी न्यायालय परिसर मनोज कुमार तिवारी द्वारा दिया गया है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर भारतभारी में लगने वाले एतिहासिक मेले का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधिकारी द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक स्थल भारतभारी में लगने वाले प्रसिद्ध मेले का फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजा कर शुभारंभ किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले प्रशासनिक मेले को राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त होगा स्थानीय स्तर से फाइल शासन स्तर को भेज दी गई है भारतभारी स्थल का हर स्तर से विकास किया जाएगा वंदन




योजना के तहत 2 करोड़ रुपए शासन से प्राप्त हो चुके हैं डीपीआर तैयार है जल्द ही विकास कार्य शुरू हो जाएंगे मेले के दौरान अब तक इकट्ठा धनराशि का प्रयोग मंदिर के चौमुखी विकास के लिए किया जाएगा इसके लिए प्रशासनिक समिति व स्थानीय लोगों से सुझाव लिए जाएंगे इस पर कार्य लगातार हो रहे हैं कार्तिक पूर्णिमा पर अखंड कीर्तन, भजन–पूजन, भंडारा व स्नान ध्यान प्रत्येक वर्ष की

भांति इस वर्ष भी चलेगाइस अवसर पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित, उपजिलाधिकारी न्यायिक डुमरियागंज करमेंद्र, सीओ सतीश चंद्र पाण्डेय, तहसीलदार रवि कुमार यादव, ईओ भारतभारी राजन गुप्ता, मेला व्यवस्थापक रमेश चंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# हाईस्कूल में सर्वोत्तम अंक लाने वाली क्षात्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरियागंज का शिलान्यास।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की हाई स्कूल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली राजकीय उ0मा0 वि0 कूडी, डुमरियागंज की छात्रा कु0 मनीषा पुत्री लालमन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरियागंज का शिलान्यास किया गया शिलान्यास के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित भी उपस्थित रहे जिलाधिकारी द्वारा कु0 मनीषा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे द्वारा 03 माह पूर्व निरीक्षण किया गया था निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर अवस्था में था मेरे द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर भवन के ध्वस्तीकरण हेतु शासन से अनुमति लेकर ध्वस्त कराया गया इसके



पश्चात क्रिटिकल गैप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरियागंज का शिलान्यास किया जा रहा है इसके बन जाने से यहां के लोगो को इलाज कराने में सुविधा होगी प्रशासन की कोशिश रहेगी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रध्छात्रा से इस भवन का उद्घाटन कराया जायेगा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की हाई स्कूल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली राजकीय उ0मा0 वि0 कूडी, डुमरियागंज की छात्रा कु0 मनीषा पुत्री लालमन द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया इस भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा कराया जा रहा है जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण 03 माह में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

# एनटीपीसी–विंध्याचल का 43वां स्थापना दिवस समारोह का किया गया आयोजन

## 12नवंबर, 1982 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने परियोजना की नींव रखी थी।–परियोजना प्रमुख

सोनभद्र(आरएनएस)। प्रशासनिक–भवन परिसर मे आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने एनटीपीसी ध्वजारोहण किया और सभी ने एनटीपीसी गीत गाया। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं नामित परियोजना प्रमुख (सिमाद्री), मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी के साथ केक काटकर हवा मे रंग–बिरंगे गुब्बारों को उड़ाया गया, जिसने आसमान को जश्न में रंग दिया। इस शुभ अवसर पर महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य विभागाध्यक्षध्अनुभागाध्यक्ष, अध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) नीता शर्मा व सारिका चतुर्वेदी एवं सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण, सीआईएसएफ उप कमांडेंट शिव कुमार एवं उनकी टीम, यूनियनध्एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, सभी स्कूलों के प्राचार्यगण,मीडिया प्रतिनिधिगण, सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें। अपने उद्बोधन में श्री कुमार ने कहा कि 12 नवंबर, 1982 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के कर–कमलों से हमारी परियोजना की नींव रखी गई थी। 01 सितंबर, 1987 को एनटीपीसी–विंध्याचल की प्रथम यूनिट 1ग् 210 मेगावाट का कामर्शियल आपरेशन आरंभ हुआ। विगत वर्षों में एनटीपीसी विंध्याचल ने उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाया है और आज एनटीपीसी ही नहीं, अपितु राष्ट्र की विशालतम विद्युत परियोजना होने के भाव से अभिभूत हैं। शून्य से लेकर 4783 मेगावाट के माइल–स्टोन को प्राप्त करने के लिए विंध्याचल के कर्मठ कर्मचारियों ने विपरीत परिस्थितियों में असीम धैर्य, त्याग, तपस्या और बलिदान दिया है। विंध्याचल परियोजना ने प्लांट प्रदर्शन एवं विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कई बेंच–मार्क स्थापित किए हैं। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) एवं सभी महाप्रबंधकगणों ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया और उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना की। इसी क्रम में मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के 43वां स्थापना दिवस के अवसर पर नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना मे कार्यरत कुल 160 को फूलों की बागवानी करने वाले मालियों को कंबल वितरण किया गया, जिसे प्राप्त कर सभी बहुत उत्साहित हुये। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उप महाप्रबंधक (आईटी) सौरभ बनौधा एवं बी के शुक्ला द्वारा बांसुरी और ढोलक के माध्यम से मधुर संगीत प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सभी आनंद विभोर हो गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) कामना द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी ने किया साधन सहकारी समिति का निरीक्षण, खाद की उपलब्धता न होने पर जाहिर की नाराजगी।

अनुशासनिक कार्यवाही करने और शासन को लिखने का दिया आदेश।

सिद्धार्थनगर–जिलाधिकारी द्वारा साधन सहकारी समिति, पथरा बाजार का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जानकारी चाही गयी कि डी.ए.पी. खाद कब से नही है सचिव



द्वारा अवगत कराया गया कि डी.ए.पी. खाद एक सप्ताह से नही है जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि खाद की मांग कब की गयी है सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कल आरटीजीएस द्वारा पैसा भेजकर खाद की मांग की गयी है जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कृषि अधिकारी एवं ए0आर0कापरेटिव को निर्देश दिया कि सचिव रामफेर, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता रामजी गौतम एवं एडीसीओ बाबूराम प्रसाद पर अनुशासनिक कार्यवाही करने तथा शासन को इनके विरूद्ध लिखने का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# पड़ोसी ने बच्चों के विवाद में महिला को दी धमकी

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के अरई सुमेरपुर गांव की सुशीला देवी पत्नी राकेश कुमार ने बताया कि उसका पति मजदूरी करने चला जाता था। वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी। सोमवार की शाम उसका पुत्र लकी घर के बाहर मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलकूद के दौरान उनके बीच विवाद हो गया। पड़ोसी युवक वहां पहुंचा और उसके पुत्र को पीटने लगा। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंची और उससे पुत्र के पीटने का उलाहना देने लगी। उलाहना देने से नाराज होकर वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि युवक गाली का विरोध करने पर सुशीला के साथ मारपीट पर आमादा हो गया। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# औचक निरीक्षण में कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर में गैस चूल्हे की जगह लकड़ी पर पकता मिला भोजन

बीजपुर(सोनभद्र) (आरएनएस)खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर विश्वजीत कुमार ने मंगलवार को न्याय पंचायत जरहा के आधा दर्जन परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कंपोजिट विद्यालय बीजपुर प्राथमिक विद्यालय राय कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय बीजपुर कॉलोनी कंपोजिट विद्यालय सिरसोती तथा प्राथमिक विद्यालय नकटू का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में कुल 340 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 275 छात्र ही उपस्थित पाए गए शिक्षकों में सहायक अध्यापक देवनारायण आकस्मिक अवकाश अध्यापिका सरोज चिकित्सकीय अवकाश पर थी। कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में मल्टीप्ल हैंड वॉश यूनिट जीर्ण शीर्ण अवस्था में निष्प्रयोज्य पाया गया तो भोजन गैस चूल्हे की जगह लकड़ी पर बनता पाया गया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी का पारा चढ़ गया और खूब खरी खोटी सुनाई गयी प्रधानाध्यापिका आशा रानी को व्यवस्थाओं में सुधार लाने की चेतावनी दी गयी प्रधानाध्यापिका आशा रानी द्वारा बताया गया कि समर्सिबल चोरी हो गया है खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कंपोजिट ग्रांट की धनराशि खर्च का विवरण जानने की कोशिश की गई तो प्रधानाध्यापिका बगले झांकने लगी। निपुण लक्ष्य ऐप पर बच्चों का असेसमेंट भी नहीं किया जा रहा था। प्राथमिक विद्यालय राय कॉलोनी पर प्रधानाध्यापिका कुसुम सिंह अध्यापक पूनम कुमारी जायसवाल उपस्थिति पाई गई वहीं छात्र उपस्थित 87 के सापेक्ष 70 पाई गई। प्राथमिक विद्यालय बीजपुर कॉलोनी में 65 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 55 बच्चे उपस्थित थे तीनों शिक्षिकाएं सुमित्रा नंदनी प्रियंका मिश्रा उपस्थिति पाई गई प्राथमिक विद्यालय नक्टू पर कुल 23 नामांकित छात्रों के सापेक्ष 21 छात्र उपस्थित पाए गए खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से किताब पड़वा कर गुणवत्ता जानने का प्रयास किया गया तो बच्चों ने भी उन्हें निराश नहीं किया और किताब पढ़कर सुनाया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रसंशा की प्राथमिक विद्यालय नकटू में शिक्षामित्र रंजना सिंह एक अगस्त से लगातार अनुपस्थित पायी गयी जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई कंपोजिट विद्यालय सिरसोती में कुल 283 नामांकन के सापेक्ष 216 छात्र उपस्थित थे यहाँ भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कंपोजिट ग्रांट की पंजिका मांगे जाने पर प्रधानाध्यापिका द्वारा प्रस्तुत करने में असमर्थता जताई गई।

# संतोष जायसवाल बने सर्व वैश्य समाज विंध्याचल मंडल अध्यक्ष

बीजपुरध्सोनभद्र(आरएनएस)। जायसवाल समाज ऊर्जान्चल के अध्यक्ष म्योरपुर ब्लॉक के बीजपुर निवासी संतोष जायसवाल को सर्व वैश्य समाज मिर्जापुर मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया. जानकारी मिलते ही वैश्य समाज के मित्रो व कार्यकर्ताओ में शुभकामनायें प्रेषित करने की होड़ मच गई उन्होंने कहा की छोटे के क्षेत्र बीजपुर के युवा सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहें है यह क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है निश्चित ही संतोष जायसवाल पुरे वैश्य समाज को एकजुट करने में सफल होंगे।

आपको बता दें की संतोष जायसवाल राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न समाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हैं ऊर्जावान व जूझरु हैं..और क्षेत्र में एक चर्चित व्यक्ति हैं द्यइस अवसर पर संतोष जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन भाई व प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कौशल का धन्यवाद करते हुवे कहा की जो जिम्मेदारी मिली हैं उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुवे वैश्य समाज के विभिन्न जातियों वर्गो को एक सूत्र में बाँधने का प्रयास करेंगे तथा दो माह में विभिन्न जनपदों में कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा और वैश्य बनिया समाज के राजनैतिक समाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए सभी वैश्य जातियों को मिलकर कार्य करना होगा।

# बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही छात्रा घायल

चायल, कौशाम्बी। पिपरी थानाक्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव के समीप मंगलवार की सुबह सड़क पार कर रही छात्रा को बेकाबू बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। इससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने छात्रा को उठाकर इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। चरवा थाने के चक बादशाहपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पटेल की छह वर्षीय बेटी काव्या निजामपुर पुरैनी गांव स्थित अपने मौसा लखन सिंह पटेल के घर पर रहकर पढ़ाई करती है। मंगलवार सुबह अपनी मौसेरी बड़ी बहनों के साथ स्कूल जा रही थी। सड़क पार करते समय चायल की तरफ से आ रही बेकाबू बाइक सवार ने काव्या को टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही काव्या सड़क पर गिरकर घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने छात्रा को उठाकर पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल छात्रा के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# झूठी निकली ड्रोन से हमले की कहानी, बेटे ने ही रची थी साजिश

## एयरगन से करता था हमला, हथौड़ी से आंगन में गाड़ देता था छर्रे

सिंगरौली(आरएनएस)। व्यापारी के घर में ड्रोन से हमला किये जाने की घटना झूठी निकली। पिछले करीब एक सप्ताह से चुनौती बने ड्रोन हमले का पटाक्षेप करते हुए पुलिस ने बताया कि व्यापारी का बेटा ही एयर गन से फायर करता था और घर के आंगन में हथौड़ी से छर्रे गाड़ देता था। पुलिस ने व्यापारी के बेटे के कमरे से एयर गन, हथौड़ी व अन्य उपकरण जब्त किये हैं।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग बेटे के दिमाग में अचानक यह फितूर उपजा और वह एयरगन से फायर करने लगा। घर वालों ने जब घर के आंगन और दीवार में लगी खिड़कियों के कांच को टूटा देखा तो उसने अज्ञात ड्रोन आने और हमला करने की झूठी कहानी रच डाली ड्रोन से हमला करने की शिकायत व्यापारी द्वारा एसपी निवेदिता गुप्ता से भी की गई थी। एसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हर बिंदु की बारीकी से जांच कराई तो यह असली कहानी सामने आ गई, क्योंकि ड्रोन से हमले की बात को लेकर पुलिस भी चिंतित थी। एसपी ने बताया कि ड्रोन को पकड़ने के लिए वे भोपाल और जबलपुर से जैमर मंगाने तक की बात वरिष्ठ अधिकारियों से कर चुकी थीं। कोतवाली थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि व्यापारी के नाबालिग बेटे को समझाइश दी गई है कि वह इस तरह की हरकतें न करें अन्यथा उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

# सलाईबनवा में हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

ओबराध्सोनभद्र(आरएनएस)। ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में कोटा पंचायत के सलाईबनवा में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 156 लोगों को की जांच कर दवा का वितरण किया गया।इस संबंध में अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना,

कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से देवेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह, डाक्टर अरुण चौबे, चन्द्रभान यादव और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बुखार से पीड़ित अधेड़ महिला की मौत, दर्जनों बीमार

चायल, कौशाम्बी। सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवतपुर क्षेत्र के इंगुआ उर्फ काठगांव में मंगलवार को बुखार से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग बीमार हैं।परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बीमारों का इलाज अलग–अलग अस्पतालों में चल रहा है। इंगुआ उर्फ काठगांव निवासी रामविशुन पाल खेती किसानी करके परिवार का भरण–पोषण करते हैं। उनकी 50 वर्षीय पत्नी जगपत देवी को छह दिन पहले बुखार आया। परिजनों ने नजदीकी दवाखाना से दवा दिलाया। तीन दोनों तक चले इलाज के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे तिल्हापुर मोड़ स्थित आदित्य अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने प्लेटलेट्स और खून की कमी होने की जानकारी देते हुए इलाज शुरू किया। मंगलवार को हालत और खराब होने पर डाक्टरों ने प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।परिजन उसे प्रयागराज लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल से शव लेकर लौटे परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं गांव के रफऊ, राज कुमार पासवान, रामबाबू, झल्लर, अरुण पासवान, समा परवीन, कलावती देवी सहित दो दर्जन से अधिक लोग बीमार हैं। जिनका इलाज रावतपुर स्थित यूनाइटेड मिडिसिटी अस्पताल, मुंडेरा स्थित नारायण स्वरूप, तिल्हापुर मोड़ स्थित आदित्य, सिद्धि अस्पताल आदि अस्पतालों और क्लीनिकों में चल रहा है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।